आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 137 हापुड़, बुधवार 04 दिसंबर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज़: 06

## न्याय संहिता गहरे मंथन का परिणाम, इनके केंद्र में दंड की जगह न्याय है- मोदी

चंडीगढ़ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गहन विचार विमर्श और मंथन के बाद भारतीय न्याय संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में सामने आयी है और इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री यहां विशेष रूप से अयोजित एक कार्यक्रम तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित कर रहे थे। ये तीनों कानून पहली जुलाई से लागू कर दिए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है और भारतीय न्याय संहिता इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सात दशकों में न्याय व्यवस्था की चुनौतियों की समीक्षा, व्यापक विचार-विमर्श के बाद भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। हर कानून को व्यावहारिक दृष्टिकोण से परखा गया है। उन्होंने इन कानूनों के लिए उच्चतम न्यायालय और देश भर के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों का आभार भी प्रकट किया। श्री मोदी ने तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा, देश के कानून उसके नागरिकों के लिए है, इसलिए कानूनी प्रक्रिया भी नागरिक-




केंद्रित होनी चाहिए। हालाँकि, पुरानी व्यवस्था में, प्रक्रिया ही सज़ा बन गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ समाज में, कानून सुरक्षा का साधन होना चाहिए, लेकिन आईपीसी केवल नियंत्रण के साधन के रूप में भय पर निर्भर थी और यह अच्छा है कि अब समय बदल गया है। श्री मोदी ने कहा कि पुराने कानूनों में दिव्यांगों के लिए ऐसे-ऐसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था, जिसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमने ही पहले इस वर्ग को दिव्यांग कहना शुरू किया, उन्हें कमजोर महसूस कराने वाले शब्दों से छुटकारा दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 2016 में हमने दिव्यांगजनों के अधिकार का कानून लागू करवाय लागू करवाया। उन्होंने कहा कि देश औपनिवेशक युग की सोच से बाहर निकले और अपने सामर्थ्य का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में लगाए, इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था। श्री मोदी ने कहा, इसलिए मैंने 15 अगस्त को लाल किले से गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का संकल्प देश के सामने रखा था। अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के जरिए देश ने उस दिशा में एक और मजबूत कदम उठाया है। हमारी न्याय संहिता 'जनता की जनता, जनता द्वारा और जनता के लिए' के उस भावना को सशक्त कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार होती है। भारतीय न्याय संहिता का मूल मंत्र है- नागरिक सबसे पहले ये कानून नागरिक अधिकारों के संरक्षणकर्ता बन रहे हैं, %न्याया में सरलता% का आधार बन रहे हैं। पहले प्राथमिकी लिखवाना कितना मुश्किल होता था, लेकिन अब जीरो एफआईआर को भी कानूनी रूप दे दिया गया है। सरकार का मानना है कि इन नए आपराधिक कानूनों का उद्देश्य भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है।

## हमीरपुर में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, सीएम योगी ने लिया संज्ञान

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जिसमें ट्रोला और टैंकर के परखच्चे उड़ गए हैं। यह टक्कर मौदहा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 34 पर हुई जहां तेज रफ्तार टैंकर और ट्रोला के आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में परखच्चे उड़ गए। इस भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे मृतकों को गाड़ी से निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने हादसे में तीन की मौत की पुष्टि की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हमीरपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि 27 नवंबर को कन्नौज जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भी भीषण सड़क हादसा हुआ था। इस दुर्घटना में सैफई मेडिकल कॉलेज के पांच डॉक्टरों की मौत हो गई थी। बताया गया कि सैफई मेडिकल कॉलेज के पांच डॉक्टर अपनी कार से एक



शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इस दौरान कार एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार में चीख-पुकार मच गई, पास से गुजर रहे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो आगरा की ओर जा रही थी, चालक को नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी डॉक्टर पीजी कर रहे थे।

## संसद परिसर में अडानी मुद्दे पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए राहुल गांधी



नई दिल्ली । लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष का विरोध प्रदर्शन और बहिर्गमन सुर्खियों में रहा। विपक्ष ने अमेरिकी अभियोजकों द्वारा गौतम अडानी पर रिश्वत मामले में दोषारोपण और संभल हिंसा जैसे मुद्दों को शीतकालीन सत्र में उठाया। हालांकि, विपक्षी गठबंधन इंडिया में एकता पर सवाल तब खड़े हुए जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस विरोध प्रदर्शन से दूरी बना ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने संसद परिसर में मोदी-अडानी एक हैं और अडानी पर जवाबदेही की मांगजैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया। उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर सरकार से अडानी मुद्दे पर जवाब देने की मांग की गई थी। टीएमसी के सांसद समिक भट्टाचार्य ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग न लेने के पीछे कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा-कांग्रेस जहां भी जनता के पास जाती है, वहां से उसे नकार दिया जाता है। उनकी राजनीति अब सिर्फ संसद गेट तक सीमित रह गई है। भट्टाचार्य ने गठबंधन में उभरती दरार को लेकर भी तंज कसा और कहा कि यह सब ड्रामा है। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के तौर पर प्रस्तावित किया था, लेकिन अब टीएमसी उनके नेतृत्व में भाग नहीं ले रही है। इस घटनाक्रम ने सोमवार को सरकार और विपक्ष के बीच बनी सहमति पर भी पानी फेर दिया, जिसमें दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया था। इसके साथ ही, संभल में हुई हिंसा पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की। हालांकि, इस मुद्दे पर भी टीएमसी और सपा की गैर-मौजूदगी ने विपक्ष की रणनीति को कमजोर कर दिया। सरकार की ओर से अभी तक इन मुद्दों पर कोई ठोस बयान नहीं आया है, लेकिन विपक्ष के आरोपों को संसद ठप करने की साजिश बताया गया।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले के मुद्दे पर सरकार संसद में वक्तव्य दे - मायावती



लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को लेकर मंगलवार को चिंता जताई और सरकार से इस पर संसद में बयान देने तथा उचित कदम उठाने की मांग भी की। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में हिंदुओं की जनसंख्या करीब आठ प्रतिशत है। पांच अगस्त को शेख हसीना की आवामी लीग सरकार के तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश के 50 जिलों में हिंदुओं पर 200 से अधिक हमले दर्ज किए गए हैं। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां नई सरकार में खासकर हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा और जुल्म-ज्यादती आदि तथा उससे वहां बिगड़ते हालात अति दुखद और चिंताजनक है।

इसको लेकर भारत के लोगों में काफी आक्रोश है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार इस पर संसद में वक्तव्य दे और उचित कदम उठाए।''

## राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस सांसदों के साथ बुधवार को करेंगे संभल का दौरा

लखनऊ । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस सांसदों के साथ बुधवार को संभल का दौरा करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राय ने बताया कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी राहुल के साथ संभल का दौरा कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ''प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश से पार्टी के सभी छह सांसद शामिल होंगे, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी करेंगे। इनमें पार्टी महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी होंगे।''प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि वह भी राहुल गांधी के साथ संभल जाएंगे, जो रायबरेली से सांसद हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या केरल के वायनाड से पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा भी अपने भाई के साथ संभल जाएंगी, राय ने कहा कि वह भी जा सकती हैं। संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी। हालांकि, जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने इसे बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया। इस बीच, जिलाधिकारी ने कहा है कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) जिले में 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। उन्होंने कहा, ''10 दिसंबर तक कोई भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि, सक्षम प्राधिकार से अनुमति लिए बिना जिले में प्रवेश नहीं कर सकता।'' संभल की एक अदालत के आदेश पर 24 नवंबर को मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मृत्यु हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे। अदालत में दायर वाद में दावा किया गया है कि मस्जिद की जगह कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था। राहुल गांधी के संभल दौरे के बारे में पूछे जाने पर संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को बताया, संभल में पहले से ही बीएनएसएस की धारा 163 लागू है। किसी को भी संभल आने की अनुमति नहीं है। यदि वह आते



हैं तो उन्हें नोटिस दिया जाएगा। संभल से सपा विधायक इकबाल महमूद ने सोमवार को देर शाम पत्रकारों को बताया, मैं चारों मृतकों के परिजनों से मिलने गया था और मैंने उनसे सहानुभूति व्यक्त की। संभल में हुए अत्याचार का मुद्दा विधानसभा और संसद में उठाया जाएगा और 10 दिसंबर के बाद सपा का प्रतिनिधिमंडल यहां आएगा। इकबाल महमूद ने कहा, हमने मांग की है कि इस घटना की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए। हम न्यायिक जांच नहीं मानते हैं। उन्होंने खुद यह जांच बिठाई है। इस बीच, इत्तेहाद-ए-मिलात परिषद के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने मंगलवार को बरेली में संवाददाताओं से कहा, इस देश की एकता और अखंडता के लिए खुदाई का विचार छोड़ देना चाहिए और विकास के बारे में सोचना चाहिए। लुप्त हो चुके डायनासोर के कंकाल भी पाए जा सकते हैं। समय बदल रहा है और हमें बदलते समय के साथ चलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सोमवार को नाटकीय घटनाक्रम में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुलिस से धक्का मुक्की की थी और पार्टी कार्यालय के बाहर लगे बैरिकेड पर चढ़ने का प्रयास किया था जिससे वे अपने नेता अजय राय के संभल जाने का रास्ता साफ कर सकें।

## यूपी कॉलेज में छात्रों का विरोध प्रदर्शन, किया हनुमान चालीसा का पाठ

लखनऊ । उदय प्रताप कॉलेज (यूपी कॉलेज) में छात्रों ने मंगलवार को नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने स्पष्ट कह दिया है कि हम किसी को भी कॉलेज परिसर में नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दे सकते हैं। यह कोई धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शिक्षा का स्थल है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने रोष जाहिर करने के लिए कॉलेज परिसर में भगवा झंडा भी फहराया। इस दौरान छात्रों की पुलिस के साथ धक्कामुक्की हुई और कई छात्रों को हिरासत में भी ले लिया गया। फिलहाल, मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबलों को तैनात कर दिया गया है, जो हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। इस विषय पर डीसीपी चंद्रकांत मीणा ने कहा, यूपी कॉलेज में अभी एग्जाम चल रहे हैं। इस बीच, हमें एक लेटर मिला, जिसमें कहा गया है कि कुछ ऐसे तत्व हैं, जो यहां छात्रों को परेशान करते हैं। पत्र में कहा गया कि हमें पुलिस की सहायता चाहिए। इसी को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया है। इस दौरान, जब उनसे बच्चों द्वारा किए गए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, विरोध प्रदर्शन एक अलग विषय है। हमें यहां के प्रशासन की तरफ से एक पत्र मिला था, जिसमें कहा गया था कि कॉलेज परिसर में उन्हीं छात्रों को अंदर जाने की इजाजत दी जाए, जिनके एग्जाम चल रहे हैं। लिहाजा, पुलिस छात्रों के अलावा कॉलेज की फैकल्टी भी जांच कर रही है, जो यहां के छात्र हैं, उन्हें ही कॉलेज परिसर के अंदर जाने की इजाजत दी जा रही है। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, हनुमान जी शक्ति के प्रतीक हैं। कोई हमारे सामने शक्ति प्रदर्शित करेगा, तो हम उसे मानने वाले नहीं हैं। अब हम लोग जग चुके हैं। इन लोगों को जितनी भी फोर्स लगानी है, ये लगा सकते हैं। ये पुलिस नमाजियों को रोक नहीं पाती है, लेकिन हम युवाओं को रोक रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि हमने जिले प्रशासन को पत्र देकर स्पष्ट कह दिया है कि अगर यहां नमाजी आएंगे, तो हम लोग इसका विरोध करेंगे।

## दिव्यांग किसी से कम नहीं- योगी आदित्यनाथ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 महानुभावों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 40 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किया। कार्यक्रम में 75 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्रों को सम्मानित किया। इसके अलावा 28 युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया है। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग किसी से कम नहीं हैं। हमारे यहां अष्टावक्र व सूरदास जैसी अनेक विभूतियां रहीं हैं। आज भी राम भद्राचार्य जैसी आध्यात्मिक विभूति मार्गदर्शन कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अंदर दो दिव्यांग विश्वविद्यालय है। हमारे राज्य के अंदर अलग—अलग क्षेत्रों में कालेज संचालित हैं लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले प्रदेश में सात से 08 लाख दिव्यांगों को ही पेंशन मिलती थी। आधा पैसा बाबू खा जाता था। अब लाभार्थी के खाते में पैसा भेजा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 11 लाख दिव्यांग जन 12



हजार रूपये प्रतिवर्ष पा रहे हैं। इसके अलावा तमाम प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश में संचालित हो रहे हैं। दिव्यांगों को 04 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी राष्ट्रीय सेवाओं में की गयी है। दुकान खोलने के लिए भी राशि उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम अंग वितरण के भी कार्यक्रम शुरू किये गये हैं। मूकबधिर बच्चों की सर्जरी के लिए अनुदान की व्यवस्था है। परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा के लिए 40 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। राज्य सरकार आज दो विश्वविद्यालय संचालित कर रही है। एक शकुंतला देवी विश्विद्यालय लखनऊ दूसरा राम भद्राचार्य विवि चित्रकूट,इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है जिससे इनको और बढ़ावा मिले। दिव्यांग जन के लिए 4त्न राजकीय सेवाओं आरक्षण की भी व्यवस्था की गई है, हमारे यहां दिव्यांग आईएएस भी व्यवस्था में हैं। प्रदेश सरकार दिव्यांग जन के लिए बहुत सारे अन्य कार्य भी हो रहे हैं,कृत्रिम अंग भी वितरित हो रहे है, ट्राईसाईकिल वगैरह सरकारी भवनों में रैंप की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## दिल्ली की सड़कों पर उतरेंगी 150 मोहल्ला बस, मुख्यमंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण



नई दिल्ली । दिल्ली में रहने वाले लोग जो ऑफिस जाने के लिए डीटीसी बसों का प्रयोग करते हैं, उन्हें दिल्ली सरकार ने मोहल्ला बस का तोहफा दिया है। 9 मीटर की इन छोटी बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत शुरू किया जा रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने 150 मोहल्ला बसों का निरीक्षण किया। 9 मीटर की ये ध्वनिरहित बसें भीड़भाड़ वाले इलाकों के लिए बनाई गई हैं, इनका ट्रायल पहले ही पूरा हो चुका है। बसों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली की अनूठी मोहल्ला बसें 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक लो-फ्लोर बसें हैं। 150 बसों का पहला जत्था आ चुका है। ये बसें तैयार हैं और दो रूटों पर इनका ट्रायल भी हो चुका है। आज हम इन बसों और इनके चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करने आए हैं। एक बार जब ये 150 बसें दिल्ली की सड़कों पर आ जाएंगी, तो ये मोहल्ला बसों के रूप में काम करेंगी, जो 9 मीटर लंबी हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों तक पहुंच सकती हैं, जहां 12 मीटर की बड़ी इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें नहीं जा सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने यह पहल की है। दिल्ली में परिवहन हमेशा से एक समस्या रही है, खासकर लास्ट-माइल कनेक्टिविटी। मेट्रो का काफी विस्तार हुआ है, लेकिन मेट्रो स्टेशन से घर पहुंचना दिल्लीवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। लास्ट-माइल कनेक्टिविटी समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली भर में 2,000 से अधिक ऐसी मोहल्ला बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि एम्स, आईएएनए, गोविंदपुरी जैसे इलाकों को इस मोहल्ला बसों से कवर किया जाएगा। इस बस में खास बात यह है कि जब तक बस के दरवाजे बंद नहीं होते हैं बस नहीं चलेगी। बस के अंदर आराम से सफर कर सकते हैं। 10 साल से दिल्ली सरकार जनता की सुविधा के लिए काम कर रही है।

## केजरीवाल ने भरा वालेंटियर्स में जोश, मुफ्त की रेवड़ी को घर-घर पहुंचाने का दिया मंत्र



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार सभी विंग के हर वालेंटियर्स से खुद सीधा संपर्क कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए महिला विंग के सभी वालेंटियर्स से संपर्क साधा। उन्हें मुफ्त को रेवड़ी को घर-घर तक पहुंचाने का ना सिर्फ मंत्र दिया बल्कि उनसे जमीनी हकीकत भी समझी। अरविंद केजरीवाल से बातचीत करने के लिए महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी और उनके साथ 500 से अधिक महिला वालेंटियर्स इस वीडियो कॉल से जुड़ीं। महिला विंग ने अरविंद केजरीवाल को बताया कि वह घर-घर जा रही हैं और छोटी- छोटी बैठकें कर छह रेवड़ियों पर लोगों के साथ चर्चा कर रही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला वालेंटियर ने अरविंद केजरीवाल से बात भी की। बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा बैठकें करने की कोशिश करें। कई टीम बनाकर अपने क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक करें। इन बैठकों में छह रेवड़ियों के बारे में जनता को विस्तार से बताएं। इनके फायदे और बंद होने के नुकसान भी बताएं, ताकि जनता सही निर्णय कर सके। केजरीवाल ने वालेंटियर्स से उनका अनुभव और जमीनी हकीकत की जानकारी भी ली। साथ ही वालेंटियर्स की राय भी जानी। केजरीवाल ने कहा कि वालेंटियर्स हमारी रीढ़ है। उनकी मेहनत की बदौलत ही पार्टी आज इस मुकाम पर है।

# संपादकीय

## माला में 108 दानों का महत्व



108 में से अंक एक उस ईश्वर का प्रतीक है जिसमें ब्रह्मा, विष्णु और शिव तीनों देवता समाहित हैं। इनमें कार्य रूप में भेद है परन्तु ये तीनों एक ही हैं। 0 (शून्य) निर्गुण निराकार ब्रह्म का प्रतीक है। अंक 8 में पूरी प्रकृति समाहित है। श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार ये आठ भगवान की प्रकृति हैं। अंक शास्त्र के अनुसार 1 से लेकर 9 तक के अंक नवग्रहों के प्रतीक हैं। 108 (1$0$8= 9) द्वारा मनुष्य जीवन में सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति, ईश्वर का दर्शन व ब्रह्म तत्व की अनुभूति कर सकता है। मनुष्य की सांसों की संख्या के आधार पर 108 दानों की माला स्वीकृत की गई है। 24 घंटों में एक व्यक्ति 21600 बार सांस लेता है। हमारे 12 घंटे दैनिक कार्य में व्यय हो जाते हैं और शेष 12 घंटे देव आराधना के लिए बचते हैं। अर्थात 10800 सांसों का उपयोग अपने इष्टदेव के स्मरण के लिए करना चाहिए। लेकिन इतना समय देना हम सभी के लिए संभव नहीं है। इसलिए इस संख्या में से अंतिम दो शून्य हटाकर शेष 108 सांस में ही प्रभु स्मरण की सुविधा आचार्यों ने प्रदान किया। दूसरी मान्यता के अनुसार एक वर्ष में सूर्य दो लाख 16 हजार कलाएं बदलता है। सूर्य प्रत्येक छह महीने उत्तरायण और दक्षिणायन रहता है। इस प्रकार छह महीने में सूर्य की कुल कलाएं 108000 बनती हैं। अंतिम तीन शून्य हटने पर 108 संख्या बचती है। इसलिए माला जप में 108 दानें सूर्य की एक-एक कला के प्रतीक हैं। ज्योतिष शास्त्र इन्हें 12 राशियों और 9 ग्रहों से जोड़कर देखता है। 12 राशियों व 9 ग्रहों का गुणनफल 108 होता है। अर्थात कहा जा सकता है कि 108 अंक संपूर्ण जगत की गति का प्रतिनिधित्व करता है। ऋषियों की एक और मान्यता 27 नक्षत्रों की खोज पर आधारित है। प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण होते हैं। 27 में 4 का गुणा किया जाय तो गुणनफल 108 ही होता है। जो परम पवित्र माना जाता है। इसीलिए माला के दानों की संख्या 108 रखी गई है।

## बाल कहानी – नन्हा वीर

अमर सिंह की रानी ने समाचार सुना तो धक से रह गई। स्वयं उसके भाई ने ही उसका सुहाग उजड़वा दिया था। शाहजहां के साले सलावत खां ने अमर सिंह का अपमान भरे दरबार में किया। राजपूत खून खौल उठा और एक ही बार में अपमान करने वाले का सिर दरबार के फर्श पर लुढ़कने लगा। वीर अमर सिंह के क्रोध से डर कर उस समय शाहजहॉ भयभीत अंत:पुर से चले गये। दरबारियों ने तलवारें चमकाई। एक हिकारत की निगाह उन पर डाल कर अमर सिंह घोड़े पर सवार हो कोट लॉघ कर बाहर आ गये। शाहजहॉ भी बदला लेने की फिराक में था, उसने अमर सिंह के साले अर्जुन गौड़ को लालच दे कर अपनी तरफ मिला लिया। अमर सिंह को सिखा पढा कर महल में ले आया और पीछे से अमर सिंह को मार डाला। शाहजहॉ ने ठहाका लगाया और अमरसिंह की नंगी लाश बुर्ज पर डलवा दी। चील कौवे बैठने लगे। रानी का हृदय पति के अपमान और भाई की बेवफाई से जल रहा था साथ ही राजपूत स्त्री पति के शव को चील कौवों को खाने को छोड़ कर जौहर कैसे करे। रानी ने सैनिक भेजे लेकिन उन्हें मार डाला गया। वे शव के समीप भी न पहुंच सके। शाहजहां ने व्यंग्य से कहा-क्या इसके खानदान में ऐसा कोई भी नहीं है जो इसकी लाश ले जा सके। रानी अपने और बहादुर कह सकने वाले सबसे प्रार्थना कर चुकी तो हार कर बोली, बंदी मेरी तलवार ला और मेरे साथ चल मैं स्वयं महारावल की लाश शाहजहां के किले से निकालकर लाऊंगी। रानी ने सैनिक वेश बनाया, तलवार ली लेकिन उसी समय अमरसिंह के बड़े भाई का लड़का राम सिंह सैनिक वेष मे हाथ में चमचमाती तलवार लिये सामने आया, रूको चाची उस चैदह वर्षीय बालक ने दृढ़ स्वरों में कहा, मेरे होते अभी आपको महल से बाहर जाने की नौबत नहीं आयेगी। 卐पर बेटा उस कोमल चेहरे को आशंकित दृष्टि से देखते बोली तो वह बोला, चाचाजी के पावन शरीर की रक्षा करना मेरा धर्म है। मैं प्राण दे दूँगा इसके लिये बेटा जा!रोते रोते रानी ने आशीष दी। रो मत चाची घोड़े को ऐड़ लगाते हुए राम सिंह ने कहा, चाचा जी के शव के साथ मैं अभी लौटता हूं। दुर्ग का द्वार खुला था तीर की तरह राम सिंह बढ़ता चला गया द्वार रक्षक समझ पायें तब तक राम सिंह दुर्ग के निकल पहुंच गया। दुर्ग पर तैनात सैनिकों को तलवार की धार पर एक के बाद एक गिराता वह बुर्ज पर चढ़ गया। पूज्य चाचा जी का शव उठाया उतरा और घोड़े पर बैठा पर कोई सैनिक कुछ न कर सका वह मार काट मचाता दुर्ग के बाहर हो गया। बेटा तूने मेरी मरे पति का और सम्पूर्ण राजपूत जाति का मान रखा हैं ईश्वर तेरी रक्षा करे और साथ ही तैयार चिता में शव रख उस पर जा बैठी।

## 04 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 06.57 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 09.39 प्रात-
चंद्र अस्त- 08.23 सायंकाल
चंद्रमा- रात्रि- 11.20 उपरांत मकर राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-3 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-19 पक्ष- शुक्ल पक्ष-03 तिथि-तृतीया दोपहर- 01.10 तक बाद में चतुर्थी, नक्षत्र-पूर्वाशाढा सायं- 05.14 तक बाद में उत्तराषाढ़ा,
योग- गंड दोपहर- 01.56 तक बाद में वृद्धि, करण-ग़र दोपहर- 01.10 तक बाद में वणिज प्रात- 01.02 तक बाद में विष्टी, राहु काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, दुमुहूर्त प्रात- 11.55 से 12.38 तक अमृत काल- 12.20 से 01.58 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.21 से 06.09 तक।

## आज 04 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष-जरूरत पर लोग सपोर्ट नहीं करेंगे,किसी विषय को समझने में बहुत मुश्किल होगी, नौकरी, व्यवसाय में आमदनी के लिए काफी हाथ पैर मारने पड़ सकते है.
भाग्य प्रतिशत-48

वृषभ- संतान की कमी से बेहद निराशा उत्पन्न हो सकती है, करियर में बदलाव के बाद भी उन्नति से संतुष्ट नहीं है, महत्वपूर्ण समबन्ध खत्म हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-46

मिथुन- कर्जे का प्रेशर बढ़ सकता है, हालात अच्छा कमाने वाले नहीं है, कमी में गुजारा करना पड़ सकता है, व्यवसाय कर रहे किसी व्यक्ति से सलाह लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- समझ नहीं आयेगा क्या करें, पुरानी किताबों को पढ़कर ज्ञान ले सकते है, व्यवसाय में नुकसान की संभावना बन है।
भाग्य प्रतिशत-47

सिंह- कुछ चीजों के लिए कंजूस बन सकते है बाद में करने का विचार करेंगे, स्वयं को कष्ट एवं संतान को बीमारी सम्भव है, भाई बहन स्वरूप कोई मदद करेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

कन्या-किसी चीज़ का अधिक आकलन प्रगति रोकेगा, घर में कोई बीमार है तो आयुर्वेदिक उपचार से ठीक होगा, मार्केटिंग कार्य में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-50

तुला- जीवन मे चीजों की बैलेन्स करते करते परेशान हो जायेगे, किसी घनिष्ठ मित्र से सलाह लेंगे, विवाह की उम्र और टालना ठीक नहीं होगा।
भाग्य प्रतिशत-48

वृश्चिक- अधिक पुरूषार्थ करना पड़ेगा, किसी चीज़ पर गहराई में जाकर निर्णय लेंगे, नई किताब आदि खरीद सकते है।
भाग्य प्रतिशत-54

धनु- कुछ अनहोनी ना हो ऐसा भय रह सकता है, संतान का विशेष ख्याल रखें, बाहरी लोगों से किसी काम की बात चलेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

मकर- जल्दी अहंकार में आने से बचें, पहले आर्थिक लाभ छोड़ देंगे बाद में पछता सकते है, कार्य स्थल पर किसी की ओर आकर्षित हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-49

कुम्भ- विवाद सुलझाने से धन लाभ करेंगे,हठी स्वभाव रहेगा, मुनाफा सोचकर काम करेंगे, संतान किसी कारण से दुखी रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-55

मीन- लोगों को जोड़े रखना चाहेंगे, शारीरिक तकलीफ़ पर पैसा अधिक खर्च होगा, अन्तर जातीय विवाह हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-58

## शादी की सालगिरह पर प्रियंका ने देखी मालती की फेवरेट 'मोआना 2', बोलीं- 'खास तोहफा'



मुंबई ।'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास आज अपनी शादी की छठी सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर 'देसी गर्ल' ने लाडली मालती मैरी चोपड़ा के साथ 'मोआना 2' फिल्म थिएटर में देखी, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर दिखाई है। शादी की छठी सालगिरह पर मालती के साथ अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खूबसूरत पोस्ट शेयर कर 'सिटाडेल' अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, हमारी सालगिरह पर यह क्या खास तोहफा है। मालती की पसंदीदा 'मोआना' हमारे दोस्तों और परिवार के साथ देखना खास रहा। 'मोआना 2' बहुत मजेदार है! शानदार स्क्रीनिंग के लिए डिज्नी और डिज्नी एनिमेशन को धन्यवाद। यहां पर सभी बच्चों ने बेहतरीन समय बिताया। अब सिनेमाघरों में भी। इसके साथ ही प्रियंका ने अपने हबी निक जोनस पर पोस्ट टैग किया। शेयर की गई तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में 'ग्लोबल स्टार' एक शीशे के पास सेल्फी लेती तो दूसरी तस्वीर में मालती थिएटर में छोटे बच्चों के साथ 'मोआना' देखती नजर आ रही है। तस्वीर को उनकी दोस्त अनीता चटर्जी ने भी शेयर किया है, जिसमें प्रियंका मालती के साथ निक भी नजर आ रहे हैं। प्रियंका और निक साल 2018 में 1 और 2 दिसंबर को राजस्थान के जोधपुर उम्मेद भवन पैलेस में शाही अंदाज में शादी की थी। जोड़े ने ईसाई और हिंदू रीति रिवाजों के साथ एक-दूजे का हाथ थामा था। प्रियंका साल 2022 के जनवरी में सरोगेसी के जरिए बेटी की मां बनी थी। कपल ने बेटी का नाम मालती मैरी चोपड़ा जोनस रखा है। इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की झोली में बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। प्रियंका एक्शन-थ्रिलर 'सिटाडेल' के बाद जल्द ही 'सिटाडेल 2' में नजर आएंगी। सीरीज में ग्लोबल स्टार के साथ हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी दिखेंगे। इसके अलावा 'देसी गर्ल' के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' और कार्ल अर्बन के साथ 'द ब्लफ' भी है। प्रियंका की झोली में फरहान अख्तर की अपकमिंग 'जी ले जरा' भी है, जिसमें उनके साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी लीड रोल में हैं।

## लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने और चांदी के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। सोने आज 600 रुपये से 650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी 400 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज गिरावट के कारण सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पीएम मोदी ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

### एकता कपूर बोलीं- 'गर्व और कृतज्ञता से अभिभूत हूं'



नई दिल्ली । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के साथ गुजरात के गोधरा कांड पर बनी 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी, जिसे लेकर प्रोड्यूसर एकता कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आभार जताया। ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर 'द साबरमती रिपोर्ट' की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में शामिल हुए। हम गर्व और कृतज्ञता के शब्दों से परे हैं। हम जिस सत्य को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं, उसकी इस स्वीकृति से हम अभिभूत हैं! यह सच्चे मूल्यों से प्रेरित कहानी अब लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद! 'द साबरमती रिपोर्ट' की खास स्क्रीनिंग संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में रखी गई। गोधरा कांड पर बनी फिल्म देखने के बाद पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर कर मेकर्स की तारीफ की। पीएम ने लिखा, द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में साथी एनडीए सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के मेकर्स का उनके प्रयासों के लिए सराहना करता हूं। पीएम के साथ फिल्म देखने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, कंगना रनौत, जितेंद्र समेत अन्य मंत्री-सांसद व एक्टर्स पहुंचे। 'द साबरमती रिपोर्ट' साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। यह घटना 27 फरवरी 2002 को हुई थी, जिसमें झुलसकर 59 लोगों की मौत हो गई थी। फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। एक्टर्स ने फिल्म में पत्रकार की भूमिका निभाई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, विकिर फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत 'द साबरमती रिपोर्ट' का निर्माण शोभा कपूर, एकता कपूर, अमूल वी. मोहन और अंशुल मोहन ने किया है। यह फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## रुपया शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.76 प्रति डॉलर पर



मुंबई । वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.76 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में गिरावट की मुख्य वजह डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स मुद्रा को लेकर दी गई चेतावनी, यूरोक्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू समष्टि आर्थिक संकेतक और निरंतर विदेशी पूंजी की निकासी रही। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि ब्रिक्स राष्ट्र अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने के लिए काम करते हैं तो उन देशों से आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा, निवेशक छह दिसंबर को आने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिसमें संभवत: मुद्रास्फीति और वृद्धि के बीच संतुलन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.75 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद अपने सर्वकालिक निचने स्तर 84.76 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को संसद में कहा था कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद रुपया सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बना हुआ है, जो भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद का संकेत है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.51 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत चढ़कर 71.96 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 238.28 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## अच्छी तरह से बनायी फिल्म हमेशा सफल होती है – यामी गौतम



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि यदि फिल्म अच्छी तरह से बनाई गई है तो जरूर सफल होती है। वर्ष 2024 यामी गौतम के लिए खास रहा है। अपनी बेहतरीन अदाकारी से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया है और अपनी शानदार अभिनय क्षमता को फिर से साबित किया है, जो ये बताता है कि वो इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। आर्टिकल 370 में उनके दमदार परफॉर्मेंस ने उन्हें फिल्म ऑफ द ईयर का खिताब दिलवाया है, और फिल्म भी बड़ी हिट साबित हुई है। यामी गौतम ने कहा, मैंने हमेशा ऐसी फिल्मों को चुना है जो किसी न किसी तरीके से खास होती हैं, और आदित्य ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने फिल्म आर्टिकल 370 को लोकेश के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया। यह कोई बहुत पॉपुलर किस्म की फिल्म नहीं थी, और इसके साथ कई सवाल और सलाहें आईं जैसे, क्या आपको यकीन है? क्या ये फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी? क्या ये जुड़ पाएगी? इसमें कोई गाने नहीं हैं। यह एक गंभीर फिल्म है और डॉक्यूमेंट्री पर आधारित है। लेकिन हमें पूरी तरह से यकीन थे कि अगर यह फिल्म अच्छी तरह से बनाई गई है, अच्छी कहानी है, अच्छे परफॉर्मेंस हैं और सही टीम का समर्थन है, तो यह जरूर सफल होगी।हमारी फिल्म की यात्रा से लेकर उसकी सफलता तक, यह दिखाता है कि हमारा दर्शक वर्ग कितना समझदार है। हर तरह की फिल्म के लिए एक दर्शक है, और एक अच्छी कहानी और स्क्रिप्ट कभी असफल नहीं होती। यामी ने बताया कि वह अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी को कैसे बैलेंस करती हैं, और यह कहा कि पिछले कुछ सालों में उनका वर्क लोड बढ़ गया है। यामी ने कहा, असल में, मैं पहले से ज्यादा बिजी हूं, और मैं अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी को बैलेंस करने के लिए तैयार हूं।

यह एक बड़ा बदलाव है, लेकिन बदलाव एक रात में नहीं आता। इसके लिए बलिदान, लगातार मेहनत और बहुत से लोगों का समर्थन चाहिए। हमें इसका जश्न मनाना चाहिए, और मुझे इस समय सिनेमा का हिस्सा बनकर खुशी है।

## 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी पीवी सिंधु, जानें कौन है उनका होने वाला पति?



जयपुर । भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु अब शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। इसी महीने राजस्थान के उदयपुर में उनकी शादी होगी। शादी की रस्में 20 दिसंबर से शुरू होंगी और हैदराबाद में रिसेप्शन होगा। इसके बाद सिंधु आगामी महत्वपूर्ण सत्र के लिए अपनी ट्रेनिंग फिर से शुरू करेंगी। अब इस खबर को पढ़ने के बाद आपने मन में पहला सवाल यही होगा कि आखिर उनका होने वाला पति कौन है? दरअसल, ओलंपिक से लेकर कॉमनवेल्थ गेम्स तक में देश का नाम रोशन करने वाली इस खिलाड़ी ने शादी की खबरों से सबको हैरान कर दिया। उनकी लव लाइफ या रिलेशनशिप को लेकर कभी कोई जानकारी सामने नई आई। हमेशा उनका पूरा फोकस अपने खेल और करियर पर रहा। वह किसी को डेट भी नहीं कर रही थीं। हालांकि, उनकी शादी एक ही महीने के अंदर तय हो गई। सिंधु के होने वाले पति वेंकट दत्ता साई पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजी में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। उनके मंगेतर वेंकट दत्ता साई ने फाउंडेशन ऑफ लिबरल एंड मैनेजमेंट एजुकेशन से लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज/लिबरल स्टडीज में डिप्लोमा किया है। उन्होंने 2018 में फ्लेम यूनिवर्सिटी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से बीबीए अकाउंटिंग एंड फाइनेंस पूरा किया और फिर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, बैंगलोर से डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग में मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने जेएसडब्ल्यू के साथ समर इंटर्न के साथ-साथ इन-हाउस कंसल्टेंट के रूप में काम करना शुरू किया। 2019 से, वह सोर एप्पल एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि पोसाइडेक्स में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी काम कर रहे हैं सिंधु के पिता पीवी रमना से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ। यह एकमात्र संभावित समय था क्योंकि जनवरी से उसका (सिंधु का) कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। सिंधु 2019 में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली और एकमात्र भारतीय हैं। वह लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय व्यक्तिगत एथलीट हैं। 2016 रियो ओलंपिक में, उन्होंने रजत पदक जीता, ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं।

2020 टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में सिंधु के नाम पांच पदक हैं, जिससे वह एकल में यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल दो महिलाओं (चीन की झांग निंग के साथ) में से एक हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# कस्बे में को चला अतिक्रमण हटाओ अभियान हंगामे की भेंट चढ़ गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। औरंगाबाद कस्बे में मंगलवार को चला अतिक्रमण हटाओ अभियान हंगामे की भेंट चढ़ गया। दरअसल, व्यापारियों ने ईओ पर नियम विरुद्ध तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह कार्रवाई को गलत बताते रहे। बाद में हंगामे के बीच अतिक्रमण अभियान को 15 दिसम्बर तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। व्यापार सुरक्षा फोर्म के नगर अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा की अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा डेरी ने ग्रीन शीतल संयंत्र का शुभारंभ किया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने अपने चिलिंग संयंत्र पर पशु गोबर से निर्मित उपला द्वारा संचालित ग्रीन शीतल संयंत्र का उद्घाटन किया। जिससे से 60 % ऊर्जा की वचत होगी ओर जो पशुपालकों की आय का जरिया बनेगा। इस संयंत्र का आविष्कार न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया है। आनंदा डेरी चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि यह ग्रीन शीतल संयंत्र भारत में पहली बार आनंदा ने पशुपालकों की आमंदनी बढ़ाने लिए अपने संयंत्र पर स्थापित किया है। इस संयंत्र से ऊर्जा की बचत होगी ओर पशुपालकों की आमंदनी बढ़ेगी, आनंदा सदेव नई नई तकनीकी पर काम कर रही है। आनंदा डेरी अपने सभी संयंत्र पर ग्रीन शीतल संयंत्र स्थापित करेगी। इस अवसर पर आनंदा डायरेक्टर राहुल दीक्षित, न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी डायरेक्टर आकाश अग्रवाल और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। जांच के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्व टीम से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। शिकारपुर अवगत कराना है कि 18-नवंबर को शिकारपुर तहसील की राजस्व टीम के साथ अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के अकरवास कनैनी गांव में मारपीट हुई थी जिसमें आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी कि जिसमें ग्राम अकरवास कनैनी के आरोपी प्रताप सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह, महाराज सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी गण उपरोक्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस संबंध में थाना अहमदगढ़ में मुकदमा पंजीकृत किया गया थाना अहमदगढ़ पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त एक आरोपी प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी हेम सिंह सैनी ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अहमदगढ़ पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक हेम सिंह सैनी, उप निरीक्षक पवन कुमार,का, कुशल कुमार,का, विकास कुमार शामिल रहे।

# अवैध हथियारों के साथ युवक ने बनाई रील, इंस्टाग्राम पर डाली वीडियो वायरल

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। शिकारपुर में युवक को अवैध हथियारों के साथ इंस्टाग्राम पर रील बनाने का शौक चढ़ गया। रील वायरल होते ही कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई। युवक ने क्षेत्र में दहशत फैलाने और फेमस होने के लिए रील बनाया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र से अवैध हथियारों के साथ एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने वाले युवक को ढूंढने में लगी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली पुलिस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने वाले युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। युवक ने यह वीडियो इंस्टाग्राम पर विखयात होने और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए बनाई थी। कोतवाली क्षेत्र में इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, फेसबुक आदि पर पूर्व समय में अलग-अलग तरह की अलग-अलग वीडियो अवैध असलाह के साथ वायरल होती रही है। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से तब-तब वीडियो वायरल हुई है तब-तब वायरल करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला कारागार की रास्ता दिखाती रही है। कोतवाली प्रभारी प्रखर पाण्डेय ने बताया कि यूट्यूब पर अवैध असलाहों के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है पूछताछ की जा रही है जो भी साक्ष्य निकल कर सामने आएंगे उनके आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक शिकारपुर नगर का बताया जा रहा है जिसने वीडियो

# महिला पुलिसकर्मी हेल्पलाइन नंबरों की जगह जगह दे रही जानकारी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के क्रम में आज दिनांक 03-12-2024 को थाना सलेमपुर की मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु तथा छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है

# अन्तर्राज्यीय अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले गिरोह के 04 शातिर सदस्य गिरफ्तार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 02/03-12-2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान बलीपुरा नगर के पास से अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को 04 अवैध पिस्टल व चोरी की एक बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर 02 अन्य अभियुक्तों को ब्लाक से आगे खन्डहर के पास आम के पेड़ के नीचे से 02 अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 1083/24 धारा 3/5/25/27 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1.चेतन स्वरुप उर्फ सोनू पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कपूरा थाना चन्दपा जनपद हाथरस। 2.प्रवीण कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगलादेव थाना गोण्डा जनपद अलीगढ़। 3.आसीन पुत्र सुरेन्द्र निवासी रितौली थाना शिवाजी कालोनी जनपद रोहतक (हरियाणा) 4.कार्तिक पुत्र राजेश कुमार निवासी फौजी कालोनी थाना शिवाजी कालोनी जनपद रोतक (हरियाणा) बरामदगी-1- 06 पिस्टल 32 बोर 2-01 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बिना नम्बर (चोरी की) (सही नम्बर- UP-13BW-8441) गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया कि हम लोग गिरोह बनाकर काम करते है। हमारा एक साथी जो कि फरार है मध्य प्रदेश का रहने वाला है। वह मध्य प्रदेश से पिस्टल लाकर हमारे एक दूसरे फरार साथी जो मथुरा का रहने वाला है, को देता था, जो पिस्टलो की सप्लाई करता था। वही हम लोगो को एक बार मे 05 से 10 की संख्या में पिस्टल देता है जिसको हम लोग हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र के नोएडा, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, अलीगढ आदि जनपदों मे महँगे दामो पर सप्लाई करते है । अब तक हमारे दोनो साथी हमको लगभग 100 पिस्टल मध्य प्रदेश से लाकर दिये है जो हमने विभिन्न व्यक्तियो को महँगे दामो मे बेच दिये है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा उपरोक्त बरामद मोटरसाइकिल को थाना जहांगीराबाद क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 313/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण का यह एक संगठित गिरोह है जिनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की जायेगी । अभियुक्तों के दोनो फरार साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त चेतन स्वरुप उर्फ सोनू का आपराधिक इतिहास -1.मुअसं- 69/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना चन्दपा जनपद हाथरस। 2.मुअसं- 258/22 धारा 380/411/457 भादवि थाना मुरसान जनपद हाथरस। 3.मुअसं- 262/22 धारा 380/411/457 भादवि थाना मुरसान जनपद हाथरस। 4.मुअसं- 06/23 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना मुरसान जनपद हाथरस। 5.मुअसं- 95/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मुरसान जनपद हाथरस। 6.मुअसं- 313/24 धारा 379 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर। 7.मुअसं- 1083/24 धारा 317(5) बीएनएस व 3/5/25/27 धारा कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। गिरफ्तार अभियुक्त चेतन स्वरुप उर्फ सोनू, असीन व कार्तिक का आपराधिक इतिहास - 1.मुअसं- 313/24 धारा 379 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर। 2.मुअसं- 1083/24 धारा 317(5) बीएनएस व 3/5/25/27 धारा कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम - 1.श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर 2.उ0नि0 मोहसिन अहमद, उ0नि0 दर्पण चौधरी, उ0नि0यू0टी0 लोकेश कुमार 3.है0का0 मोहित सैनी, है0का0 कपिल कुमार, है0का0 मोहित कुमार, है0का0 कुलदीप राठी

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाकर अनेक लोगों से रुपए मांग रहा है

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। में रविंद्र कुमार (रविंद्र शर्मा)पुत्र श्री शैलेंद्र कुमार शर्मा थाना क्षेत्र के वीरखेड़ा का निवासी है और सिकंदराबाद नगर में अपना व्यापार करता है । महोदय जी प्रार्थी रविंद्र कुमार के नाम से किसी व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक आईडी ravindra Kumar बनाकर और मेरा फोटो लगाकर अनेक लोगों से रुपए मांग रहा है। जिसके मोबाईल स्क्रीन शॉट भू संलग्न हैं। इसलिए इस पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।




जिसमें वह अपना मोबाइल नंबर और नाम भी बता रहा है जिसका मोबाइल नंबर 9662726260और मोलाजिम आलम नाम है दूसरा मोबाइल नंबर 7567717908और शेरू पासवान नाम है। अपना व्यापार करता है जिसके कारण वह किसी से पैसे ले सकता है और एक बड़ा साइबर फ्रॉड/अपराध कर सकता है। अत: महोदय अति शीघ्र मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने का कष्ट करें और फर्जी फेसबुक आईडी को तत्काल बंद करने का कष्ट करें।

# हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है उर्स मेला-चैयरमैन किशनपाल



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

जहांगीराबाद। नगर के बुलंदशहर बस स्टैंड स्थित हजरत बाबा बेफिक्र शाह की दरगाह पर सालाना हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक 68 वां उर्स शरीफ का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह लोधी ने फीता काटकर किया, इस मौके पर उन्होंने दरगाह पर मत्था टेका कर कहा कि यह हिंदू मुस्लिम एकता का उर्स शरीफ है इसमें सभी धर्म के लोग शामिल होकर अमन चैन व मोहब्बत का पैगाम देते हैं उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि मेले को शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ देखकर इसका आनंद ले। शांति व्यवस्था बनाने के लिए कोतवाली प्रभारी ने महेंद्र त्रिपाठी त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस बल तैनात कर शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी। दरगाह सज्जादा नसीन सूफी सकलेन मियां ने सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर स्वागत व सम्मान किया उन्होंने बताया कि यह मेला 27 दिसंबर तक चलेगा ओर 11 दिसम्बर तक कब्बाली मुकाबले चलेंगे ओर 12 को कुल शरीफ होगा। मेले में झूले,मिक्की माउस,सर्कस व मीना बाजार आकर्षक का केंद है जिससे नगर व क्षेत्र से लोग मेले में आते हैं और दरगाह पर चादर पोसी कर अपनीं मुरादे मांगते है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन डॉ सूरजभान माहुर, समाजसेवी उमेश गुप्ता, सभासद सुल्तान अंसारी, मनमोहन अग्रवाल,बंटी रिजवान, धर्मेंद्र धनु राजोरा, हरीश सिसोदिया, अशोक लोधी, गौरव सिसोदिया, पूर्व सभासद विनय अग्रवाल, रफीक अल्वी, नीरज लोधी,शेख नसीर, मदन खां, हरिओम शर्मा, सेक्रेटरी युसूफ अंसारी,सईद अब्बासी, रब्बानी खां,हाजी खालीद अंसारी,डॉ मजीद,रोहित पहाड़ी,आबिद मलिक ,इमामुद्दीन सैफी समेत आदि मौजूद रहे।

# पर्यटन विभाग को ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली

आगरा । आगरा में उत्तर प्रदेश (यूपी) पर्यटन के क्षेत्रीय कार्यालय को मंगलवार को एक ई-मेल भेजकर ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी-ताज सुरक्षा) सैयद अरीब अहमद ने बताया, ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल यूपी पर्यटन को प्राप्त हुआ है। ईमेल के हिसाब से हमें कुछ नहीं मिला। बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्ते और अन्य टीम सुरक्षा जांच के लिए ताजमहल पहुंच गई हैं।

यूपी पर्यटन की उप निदेशक दीप्ति वत्स ने कहा, हमें मंगलवार को बम की धमकी वाला एक ई-मेल मिला जिसके बाद हमने वह ई-मेल आगरा पुलिस और एएसआई को भेज दिया।

# नगर में अधिकांश डेयरियों पर खुलेआम हो रही है सिंथेटिक पनीर की बिक्री - सूत्र



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। डिबाई नगर में शादी समारोह के सीजन में समारोह में जाना तथा वहां स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लेना आपके जीवन के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है इसका आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते। हर शादी समारोह में स्वादिष्ट व्यंजनों में पनीर से बने लगभग आधा दर्जन व्यंजन आपके पेट में अवश्य स्थान प्राप्त करते हैं। लेकिन वो पनीर की गुणवत्ता क्या और कैसी है इससे अनजान आप निश्चित ही अधिकांश शादी समारोह में मीठा जहर का सेवन कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो सभी समारोहों में पनीर से निर्मित व्यंजन अवश्य ही होते हैं। अब प्रश्न ये है कि जब नगर के लगभग 90% डेयरी संचालक अपना पनीर बना ही नहीं रहे तो आखिर समारोही सीजन में इतने पनीर की सप्लाई कहां से हो रही है। ज्ञात हो कि विगत दिवसों में जनपद बुलंदशहर के खुर्जा में तहसील तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सैकड़ों कुंटल मिलावटी पनीर तथा सिंथेटिक दूध का ज़खीरा बरामद किया था। जिसमें न सिर्फ उक्त मिलावटी सामिग्री को प्रशासन द्वारा नष्ट कराया गया बल्कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की गई। लेकिन जिले के बड़े माफियाओं की कमर तोड़ देने के बाद भी डिबाई नगर तथा क्षेत्र में न तो इस काले कारोबार पर ही रोक लगी और न ही किसी माफिया पर कोई कार्यवाही ही हुई। सूत्रों की माने तो सिंथेटिक पनीर का ये खुला और काला कारोबार नगर के होली गेट इलाके में मौजूद रौनक मार्केट के निकट एक दुकान से किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन कभी एक बार तो कभी दो बार मैक्स अथवा लोडर वाहन से कई कुंटल पनीर आयात होता है। जिसे चंद मिनटों में ही डिबाई नगर के अधिकांश डेयरी संचालकों की दुकानों पर बांट दिया जाता है। इतना ही नहीं उपरोक्त स्थान से संबंधित माफिया द्वारा नगर तथा क्षेत्र के मैरिज होम में बुकिंग के आधार पर सप्लाई कर दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि इस सब के विषय में तहसील प्रशासन अथवा खाद्य सुरक्षा विभाग को जानकारी नहीं है, बस कार्यवाही संभव नहीं होती। ज्ञात हो कि इस संबंध में विगत माह में डिबाई एसडीएम कमलेश कुमार गोयल को मिली सूचना पर एसडीएम डिबाई ने लोकल की टीम के स्थान पर जिले से खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को छापे मारी के लिए बुलाया था। परंतु इसकी सूचना अधिकारियों के डिबाई पहुंचने से पहले ही लीक हो गई। जिसके चलते मिशन फेल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पूरे रैकेट का संचालन नगर के हलवाई संघ के नेतृत्व में किया जा रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर नगर के व्यवसायी ने बताया कि तमाम डेयरी तथा मिठाई विक्रेता से 2000 से 2500 रूपये प्रति दुकान एकत्र करके डिबाई पर तैनात खाद्य सुरक्षा निरीक्षक को पहुंचा दिया जाता है। जिसकी दलाली करते हुए सुविधा शुल्क लेने वाला व्यक्ति किसी भी संभावित कार्यवाही से पहले ही संबंधित लोगों को छापेमारी की जानकारी पूर्व में ही दे देता है। जिससे सभी डेयरियां तथा हलवाई खाना बंद कर लिया जाता है। यदि ऐसा नहीं है तो आज तक नगर के छोटा बाजार स्थित विशेष आशीर्वाद प्राप्त तीन मिठाई विक्रेताओं के साथ साथ नगर के मुख्य मिलावटी पनीर माफिया पर कोई सैंपलिंग अथवा कार्यवाही क्यों नहीं हुई। क्या ये महज इत्तेफाक है। यदि हां तो निश्चित ही ये इत्तेफाक नगर के खाद्य सुरक्षा निरीक्षक सहित विभागीय अधिकारियों की निष्पक्ष तथा ईमानदार नीयत पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अब देखना है कि क्या मानव जीवन से खिलवाड़ करने वाले उन ढीठ कर्मचारियों तथा जहर की दुकान चलाने वालों पर कोई कार्यवाही होगी या हम और आप ऐसे ही विवाह शादियों में जहरीला पनीर और खोवा चुप चाप खामोशी से खाते रहेंगे।

# पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए आचरण में लाना होगा बदलाव- डॉक्टर रूपनारायण

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। आई0पी0 कॉलिज, बुलन्दशहर में ई-वेस्ट चैलेंज एवं अपॉर्चुनिटी (E-waste Challenges and opportunities) विषय पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो0 रूप नारायण, सेवानिवृत प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, प्रो0 अनामिका त्रिपाठी, प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, हिन्दू कॉलिज, मुरादाबाद तथा समाजसेवी श्रीमती रीना त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 अरविन्द कुमार द्वारा पुष्प भेंट कर किया गया। सेमीनार के मुख्य वक्ता प्रो0 रूप नारायण ने उपस्थित विद्यार्थियों को समाज में फैले इलैक्ट्रॉनिक उत्पादों में प्रयोग आने वाले आर्सनिक, बैरीलियम, कैडमियम, निकल, जिंक, लैड़, क्रोमियम आदि खतरनाक पदार्थों के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार यह सभी जीवों के लिए टॉक्सिक होते हैं। उन्होनें बताया



कि इससे बचाव हेतु भारत सरकार के द्वारा द ई-वेस्ट (मैनेजमैंटव हैन्डलिंग) नियम 2016 से लागू किया गया है, जिसमें ई-कचरे की रीसायक्लिंग पर बहुत अधिक जोर दिया जा रहा है जिससे वातावरण में फैले प्रदूषण को कम किया जा सके। प्रो0 अनामिका जी ने अपने वक्तव्य में इसी ई-कचरे को रियूज करने तथा भारी मैटल्स को निकाल कर उन्हें पुन: इस्तेमाल योग्य बनाया जाने कि विभिन्न तकनीक सभी से साझा की तथा इसके उपयोग से स्जृति होने वाले नए रोजगारों से भी सभी को अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में समाजसेवी श्रीमती रीना त्यागी जी ने भी गूगल मीट के माध्यम से सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य अपने विचार साझा किये। उन्होनें कचरा प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया तथा बताया कि सही प्लानिंग करके किस प्रकार हम कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में भी वातारण प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। इस क्रम में महाविद्यालय की उप-प्राचार्या प्रो0 पूनम पालीवाल ने सदन को बताया कि बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ प्रतिदिन कचरे की समस्या जोर पकड़ रही है, केवल वर्ष 2022 में ही विश्व में 62 मिलियन टन-इ-कचरे का उत्पादन हुआ।

अगर समय रहते रीसाइंक्लिग पर ध्यान नहीं दिया गया तो वातावरण एवं स्वास्थ्य दोनों की ही स्थिति बहुत ही भयावह हो जाएगी। सेमिनार के अन्त में प्राचार्य डॉ0 अरविन्द कुमार ने सेमिनार में उपस्थित मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस समस्या के निवारण हेतु युवा वर्ग को प्रोत्साहित एवं जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है जिसके लिए ऐसे कार्यक्रम कर समाज को जागरूक किया जा सकता है। सेमीनार में लगभग 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो0 यशवन्त राय, श्रीमती शिखा राजपूत, डॉ0 अखिलेश, पूर्व छात्र अभिनव वर्मा सिंह, श्री रंजीत कुमार मौर्य, श्री मुनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संचालन में श्री सागर सक्सैना, श्री अनुज चौधरी, श्री विश्वराज राघव का सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। गौरी शंकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुलन्दशहर, में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 शालू अग्रवाल, डायरेक्टर (अर्क कास्मेटिकस प्रा0लि0), डॉ0 अनामिका त्रिपाठी प्रो0 हिन्दू कॉलिज, मुरादाबाद एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 रूपनारायण (सेवानिवृत्त प्रो0, चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ) तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पण करके किया गया। डॉ0 शालू अग्रवाल ने घरेलू नुस्खों द्वारा बहुत सरल तरीके से त्वचा को स्वस्थ बनाने और उसकी देखरेख सबंधी अनेक उपाय बताते हुए वर्तमान कृत्रिम




कास्मेटिक्स से बचाव की बात पर बल दिया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर प्रदूषण को दूर करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। शिविर के द्वितीय सत्र में पर्यावरण प्रदूषण पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 अनामिका त्रिपाठी जी ने छात्राओं को पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि इसका दुष्प्रभाव पर्यावरण में हानिकारक एवं अवांछित पदार्थो के प्रवेश में बढ़ोत्तरी के रूप में निरन्तर तीव्र गति से फैलता जा रहा है जिसके कारण पर्यावरण और परिस्थितिकी तंत्र में विषम परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं जो मानव एवं सभी जीव-जन्तुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इससे बचने के लिए हमें व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और प्रकृति में विद्यमान संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर नियंत्रण लगाना होगा साथ ही प्लास्टिक के प्रयोग से बचना होगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ0 रूपनारायण जी ने वृक्ष संरक्षण और भारतीय संस्कृति में पर्यावरण अस्तित्व की महत्ता के विषय में छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अपनाकर पर्यावरण स्वच्छता एवं संरक्षण में अपना व्यापक सहयोग करें तभी ये प्रयास वास्तविक अर्थ में पर्यावरण के लिए हितकारी सिद्ध होंगें। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मीना सक्सेना का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूर्णिमा सिंह द्वारा किया गया।

# झोलाछाप डाक्टर करता है गर्भवती महिलाओं के आपरेशन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

डिबाई। इसे सिस्टम की मूक सहमति कहें या फिर मिलीभगत डिबाई क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों जैसे दानपुर,भीमपुर दोराहा,कादरीबाग,कसेर,बेलौन,आदि एवम नगर के अफजलपुर से लेकर कुबेर इण्टर,धरमपुर रोड,एवम धरमपुर रोड से गालिबपुर रोड,मौहल्ला महादेव,आदि जगहों पर कुकुरमुत्तों की तरह ज्यादातर झोलाछाप डाक्टरों द्वारा अवैध नर्सिंग होम एवम पैथोलॉजी लैबों की लाइन लगी है। यहीं नही झोलाछाप डाक्टर के द्वारा इन तमाम नर्सिंग होम में जाकर गर्भवती महिलाओं के आपरेशन भी किये जाते हैं जिससे कुछ एक महिला की मौत गलत आपरेशन के दौरान पूर्व में हो चुकी है।अगर भीमपुर दोराहा से कादरीबाग तक ही ले लें तो करीब दो दर्ज के लगभग अस्पताल हाइवे के दायें बायें खुलें हुएं हैं।जो कि दिखावे के लिए क्षेत्र की जनता को गुमराह करने के लिए नामी गिरामी अलग अलग डाक्टरों के नाम के बड़े बड़े बोर्ड देखने को मिलते हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है इन अस्पतालों के होडिंगों पर जिन पेशेवर डाक्टरों के नाम चस्पा हैं अगर सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पता लगाया जाय तो हो सकता है कि महीने भर में भी उन डाक्टरों का आगमन उन हास्पिटलों में हुए हों जिनके पास इन डिग्रीधारक डाक्टरों ने अपना नाम महीनादारी के हिसाब से किराए पर दे रखा है।इन्हीं नामचीन डाक्टरों के नाम के भृम जाल में ये झोलाछाप डाक्टर क्षेत्र की भोली भाली जनता को फंसाकर उन के जीवन से खिलवाड कर उन्हें आर्थिक रूप से बुरी तरह ठग रहे है सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आदेश जारी किया था कि झोलाछाप डॉक्टरों व अवैध नर्सिंग होम पर सख्त कार्रवाई की जाए लेकर ये सब आदेश तो जनपद के स्वास्थ्य विभाग ने हवा में हवा%हवाई कर दिये जनता को आज भी ऐसे झोलाछाप हास्पिटल और डाक्टरों के खिलाफ कडी कार्रवाही का इन्तजार है ऐसे सख्त आदेशों के बाबजूद सरकारी मशीनरी के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है क्या मान लिया जाय कि ये सब अधिकारियों की मिलीभगत से सारा अवैध कारोबार फल फूल रहा है। ऐसे ही भृष्ट अधिकारी सरकार को बदनाम कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं।

# नाबालिग की हत्या के दोषी तीन व्यक्तियों को आजीवन कारावास

महाराजगंज । यहां की एक अदालत ने पुरानी दुश्मनी के चलते एक नाबालिग लड़के का अपहरण करने तथा गला घोंटकर उसकी हत्या करने के दोषी तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पुरनेंदु त्रिपाठी ने बताया कि सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप की अदालत ने आरोपी सागर मधेशिया, विष्णु मधेशिया और मुकेश मधेशिया को हत्या का दोषी करार देकर उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि अदालत ने इन अभियुक्तों में से प्रत्येक पर 40,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है। त्रिपाठी ने बताया कि निचलौल थाना अंतर्गत अमन मधेशिया (17) का अपहरण कर लिया गया और फिर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आईपीसी की धारा 364, 302, 120बी और 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री के नेतृत्व में सेंकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे जिला अधिकारी दफ्तर जहां आजाद समाज पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौपा समाज पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में हुई घटना को लेकर देश के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजने के लिए उप जिलाधिकारी को जिसमें उन्होंने संभल की घटना की सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच कराए जाने की मांग की। साथ ही मीडिया से बात करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील मंत्री ने कहा कि संभल की घटना स्थानीय प्रशासन मैनेजमेंट एवं घोर अराजकता के कारण घटना घटी है जिसमें पांच नविको की जान चली गई आजाद समाज पार्टी यहां की बिगड़ी हुई हालत को देखते हुए यहां की पूरी घटना की देश के राष्ट्रपति से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग करते हैं। ज्ञापन देने में तालिब चौधरी, सिकंदर खान, मुकेश प्रधान, राकेश मसंद, मनोज शेरावत, पप्पू सिंह,बिट्टू जाटव ,राकेश सैनी ,बबलू गौतम, वसीम चौधरी ,सलमान त्यागी, सुरेंद्र लाला, डॉक्टर सूरज, गौतम आजाद ,वासू कुमार अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिव्यांग माजिद बने एक दिन के चेयरमैन दिलाई गई शपथ

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर डुडॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अनोखी पहल करते हुए और दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए मोहल्ला भंडा पट्टी निवासी एक दिव्यांग माजिद को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश का चेयरमैन नियुक्त किया गया जिन्हे बाल कल्याण समिति के मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी व निर्तमान डी.जी.सी क्राईम कृष्णकांत गुप्ता व सोसाइटी के कार्यकारी चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के साथ-साथ पगड़ी फूलो की माला व नियुक्ति पत्र देकर नये चेयरमैन माजिद का स्वागत



अभिनंदन किया मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी ने कहा कि दिव्यांग भी हमारे समाज का हिस्सा है यह दानिश भाई व सोसायटी की बहुत अच्छी पहल है इससे दिव्यांगों का मनोबल बढ़ेगा,

एक्स डीजीसी क्राइम कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि आज दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों ने अपना प्रचम लहर रखा है सोसायटी के कार्यकारी चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया

कि 2 दिसंबर 2024 को सोसायटी की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि 3 दिसंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए किसी दिव्यांग को एक दिन का सोसायटी का चेयरमैन नियुक्त किया जाएगा इसी उपलक्ष में आज पैरो से दिव्यांग माजिद को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी का एक दिन का चेयरमैन नियुक्त किया गया जिन्हें सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक 1860 के अंतर्गत समस्त शक्तियां प्राप्त होगी इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी, निर्तमान डी.जी.सी क्राईम कृष्णकांत गुप्ता, चेयरमैन दानिश कुरैशी, कोषाध्यक्ष डॉ दिलशाद अली, मौ अहमद उप प्रबंधक वसी मोहम्मद, नाजिम खान, आसिफ मेवाती, फाईज, नाजिम अब्बासी, अदनान, आदि उपस्थित रहे।

# पशुपालकों को प्रोत्साहन के लिए आनंदा डेरी ने ग्रीन शीतल संयंत्र का शुभारंभ किया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पिलखुवा पशुपालकों को प्रोत्साहन के लिए आनंदा चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने अपने चिलिंग संयंत्र पर पशु गोबर से निर्मित उपला द्वारा संचालित ग्रीन शीतल सयंत्र का उद्घाटन किया । जिससे से 60 त्न ऊर्जा की वचत होगी ओर जो पशुपालकों का आय का जरिया बनेगा । इस संयंत्र का आविष्कार न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया है । आनंदा डेरी चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि यह ग्रीन शीतल संयंत्र भारत में पहली बार आनंदा ने पशुपालकों की आमंदनी बढ़ाने लिए अपने संयंत्र पर स्थापित किया है । इस संयंत्र से ऊर्जा की बचत होगी ओर पशुपालकों की आमंदनी बढ़ेगी , आनंदा सदेव नई नई तकनीकी पर काम कर रही । आनंदा डेरी अपने सभी संयंत्र पर ग्रीन शीतल संयंत्र स्थापित करेगी । इस अवसर पर आनंदा डायरेक्टर राहुल दीक्षित , न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी डायरेक्टर आकाश अग्रवाल और समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

# संभागीय परिवहन विभाग हापुड़ के अधिकारियों की सरपरस्ती में चल रहा ओवरलोडिंग का गोरख धंधा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में हो रहे। इजाफे पर रोक लगाने को लेकर ओवरलोडिंग पर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं। लेकिन ओवरलोडिंग का गोरख धंधा फिर भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। और ओवरलोड से भरे वाहन नेशनल हाईवे पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो जनपद में पनप रहे ओवरलोड के गोरखधंधे पर संभागीय परिवहन विभाग हापुड़ की बहुत बड़ी छत्रछाया है। जिसका जीता जागता उदाहरण सिंभावली शुगर मिल बृजनाथपुर शुगर मिल में गन्ने की ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर ट्राले एवं ट्रकों के द्वारा बॉडी से ऊपर 5 फीट गन्ना भरकर नेशनल हाईवे पर दौड़ लगाते हुए देखा जा सकता है। सिंभावली शुगर मिल ब्रजनाथपुर शुगर मिल में ओवरलोड का गोरख धंधा करने वाले ट्रांसपोर्टर माफियाओं के द्वारा जनपद के संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों की आंखों पर प्रत्येक माह चांदी का चश्मा पहना दिया जाता है जिसकी चमक में अधिकारियों को नेशनल हाईवे पर ओवरलोड गन्ना भरकर चलने वाले ट्रैक्टर ट्राले एवं ट्रक बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों की सरपरस्ती कहा जाए या अनदेखी।

# चंद्रशेखर आजाद व नगीना सांसद का 37 वॉ जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बनाया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । मीनाक्षी रोडस्थित आजाद समाज पार्टी कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से केक काटकर मनाया गया आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने बताया कि 3 दिसंबर को हमारे पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन है जिसके चलते आज आजाद समाज पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने बताया कि आने वाले 2027 में चुनाव को लेकर हम अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे और पार्टी के हाथ मजबूत कर कर पार्टी को जीताने का काम करेंगे वही आपको बता दे की पार्टी के तालिब चौधरी ने बताया कि हमारे पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एवं नगीना सांसद एक युवा नेता है आने वाले भविष्य में हम अपने दम पर केंद्र और उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएंगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर का एक ही नारा है सबके साथ भाईचारा इसलिए हम सब एकत्र होकर भाईचारे के साथ अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया है इस मौके पर तालिब चौधरी, सिकंदर खान ,राकेश मसंद, मनोज शेरावत , पप्पू सिंह,बिट्टू जाटव, राकेश सैनी, बबलू गौतम, मुकेश प्रधान ,वसीम चौधरी, वासु कुमार, गौतम आजाद, सुरेंद्र लाला ,सलमान त्यागी ,डॉक्टर सूरज अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु पुलिस विभाग के अधिकारीगण के साथ समीक्षा बैठक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.12.2024 (शनिवार) को सफल बनाने आज दिनांक मंगलवार को माननीय जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी, यातायात व थानाध्यक्षों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, हापुड़ श्री हनी गोयल की देखरेख में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ डा0ब्रहमपाल सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा पुलिस विभाग से उपस्थित नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह को राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त न्यायालयों द्वारा ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण किये जाने के लिए जारी नोटिस की तामीला शत-प्रतिशत कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं बैठक में उपस्थित समस्त थानाध्यक्षों को संबंधित थाने के पैरोकार को दिन-प्रतिदिन समन की शत-प्रतिशत तामिला कराने के उपरान्त न्यायालय में उसकी आख्या उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में थानाध्यक्ष हापुड़ नगर मुनिष प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष बाबूगढ़ विजय गुप्ता, थानाध्यक्ष पिलखुवा श्री जितेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष गढमुक्तेश्वर नरेश कुमार, थानाध्यक्ष धौलाना देवेन्द्र बिष्ट,थानाध्यक्ष हाफिजपुर आशीष कुमार, थानाध्यक्ष बहादुरगढ़ अरविन्द चौहान, थानाध्यक्ष कपूरपुर अवनीश कुमार, थानाध्यक्ष महिला थाना अरुणा सिंह थाना हापुड़ देहात से उपनिरीक्षक अजीत सिंह उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांग जनों को स्वेटर का किया वितरण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आश्रय गृह प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचकर दिव्यांग जनों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटरों का वितरण किया गया। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड हापुड़ के ग्राम मंसूरपुर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं से मिड डे मील की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल हेतु संबंधित को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता हेतु बच्चों से किताबें पढ़वाई गई।

# श्री श्यामेशवर महादेव छपकौली मंदिर पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़। थाना बाबूगढ़ के शिव मंदिर शक्तिपीठ छपकौली मंदिर पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी ने शक्तिपीठ पर पहुंचकर अपने गुरु का आशीर्वाद लिया और गाय माता की सेवा की। मध्य प्रदेश के मंदसौर के ज्योर्तिमठ अवान्तर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य जब छपकौली मंदिर पहुंचे तो भक्तों ने उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त किया जाए और प्लास्टिक का इस्तेमाल किसी भी सूरत में न करें, कपड़ों का थैला अपने साथ रखें। मंगलवार को स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ छपकौली मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम अपने गुरु का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने गाय को गुड़, फल आदि खिलाकर सेवा की। साथ ही लोगों को पर्यावरण साफ रखना का संदेश दिया। इस मौके पर क्षेत्र के मंदिर से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# सफाई मित्र सफाई कर्मचारी एवं नागरिक समूह का क्षमता संवर्धन के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**अमित कुमार**

हापुड़ । नगर पंचायत बाबूगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत जारी आरेशनल गाइडलाइन व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत बेहतर सफाई व्यवस्था एवं समुचित कूड़े का निस्तारण कराए जाने हेतु निकायों द्वारा मा0 जनप्रतिनिधियों सफाई मित्र/ सफाई कर्मचारी एवं नागरिक समूह का क्षमता संवर्धन के अंतर्गत प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन कराया गया जिसमें मा. सुधा देवी नगर पंचायत अध्यक्ष, सभी सभासद गण ,सभी कर्मचारी गण एवं कस्बावासीयों की उपस्थित में कूड़े के निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई इस कार्यशाला का संचालन श्री अमित कुमार निंबेकर जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया गया यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट को ध्यान में रखते हुए किया गया इस मौके पर बाबूगढ़ के सभी सभासद सफाई कर्मचारी क्षेत्र के सम्मानित लोगों उपस्थित रहे



# विजय कुमार गुप्ता बाबूगढ़ थाना प्रभारी, आशीष कुमार थाना हाफिजपुर प्रभारी ने प्रशिक्षु उप निरीक्षकों विदाई समारोह को लेकर सेमिनार का आयोजन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़ । थाना बाबू थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार पुंडीर ने एक सेमिनार का आयोजन किया जिसमें प्रशिक्षण संस्थानों से जनपद के उप निरीक्षक का प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत आवंटित किए गए जिसमें जनपद के बारे में माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रथम छह माह के लिए नगर ग्रामीण क्षेत्र के थानों में आवंटन किया गया था उक्त प्रशिक्षणाधीन उप निरीक्षक ना पु को प्रथम चरण की समय अवधि पूर्ण होने पर द्वितीय चरण के व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु जनपद के समस्त स्थान पर आवंटित किया गया है जोकि अग्रिम चरण के व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने हेतु तत्काल प्रभाव से रवाना होने से पहले एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विदाई समारोह का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने प्रथम चरण के व्यवहार के बारे में चर्चा की और थाना प्रभारी द्वारा अच्छे कुशल प्रेम व्यवहारिक के लिए बधाई दी। प्रशिक्षु उप निरीक्षकों ने बताया कि प्रथम चरण का समय बहुत ही अच्छा और बहुत कुछ सीखने को मिला कानून के बारे में काफी ज्ञान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में दोनों थाना प्रभारी ने सभी को आगे बढ़ने का आशीर्वाद देकर फूल माला पहनकर सम्मानित किया और अपने विचार रखें।

# संभल घटना को लेकर बागपत कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

बागपत । कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे भीम आर्मी और आजाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया है। उन्होंने संभल घटना को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्ट्रेट प्रभारी को सौंपा। मांग की गई है कि मृतकों को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान उत्तर प्रदेश के स्थानीय प्रशासन के गलत मैनेजमेन्ट के कारण अराजकता और हिंसा हुई। इसमें पांच लोगों की जान चली गयी और आम नागरिक एवं पुलिसकर्मी भी घायल हुए। पुलिस के अनुचित रवैये के कारण लोगों



में भय बना हुआ हैं, यहां की स्थिति आज तक बिगड़ी हुई है। पुलिस अज्ञात के नाम पर घर में घुस-घुस कर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से खराब हो गयी है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) मांग करती है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में करायी जाए। अज्ञात के नाम पर निर्दोष लोगों को न फंसाया जाये। यहां के माहौल को शीघ्र ही भाईचारा का संदेश देकर शान्ति एवं सदभाव पूर्ण किया जाये एवं निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग भी की गई। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 04 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक बनाये जायेंगे किसानों के गोल्डन कार्ड - श्री राम जतन मिश्र उप कृषि निदेशक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गाजियाबाद। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री सम्पन्न कराये जाने हेतु दिनांक 04 दिसम्बर 2024 से दिनांक 30 दिसम्बर 2024 तक गाजियाबाद के समस्त राजस्व ग्राम में वृहद कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को तहसील लोनी के राजस्व ग्राम क्रमशः नौरसपुर, लोनी चकबन्दी क्षेत्र, इलायचीपुर, निस्तौली, नुर्सताबाद खरखड़ी, भनेड़ा खुर्द इसी तरह तहसील मोदीनगर के राजस्व ग्राम काजमपुर, डबाना, असदपुर नागल, आसिफपुर उजेड़ा, फतेहपुर, मौहम्मदपुर आमद बागपत, फिरोजपुर, शहजॉदपुर, सुलतानगर, छुजूपुर, विहग तथा तहसील गाजियाबाद के राजस्व ग्राम कुशलिया, मसूरी, शाहपुर निजमोरटा, मसौता, कनौजा, निगरावटी, मोरटी, करीमनगर कटियार, महमूदाबाद, रसूलपुर सिकरौड, नाहल, जलालाबाद, महिउद्दीनपुर ढबारसी, शमशेर, भवानीपुर, रघुनाथपुर, डिडवारी, समयपुर, भोवापुर, बहादुरपुर निडौरी, मथुरापुर, दीनानाथपुरपूठी, अटौर, भिकनपुर, मिस्वापुर, इनायतपुर, डासना, मकरेड़ा आदि राजस्व ग्राम में फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का आयोजन किया जाना है। जिसमें कृषक की भूमि, कृषक के आधार कार्ड एवं मोबाईल नंम्बर से लिंक कराया जाना है। कृषक की भूमि कई खातों में हो सकती है। फार्मर रजिस्ट्री में समस्त खातों को एक साथ जोड़कर कृषक की जमीन का गोल्डन कार्ड जनरेट किया जाना है। श्री राम जतन मिश्र उप कृषि निदेशक गाजियाबाद ने बताया कि कृषक का गोल्डन कार्ड कृषक को भूमि सम्बन्धी लोन लेने एवं खाद, बीज एवं रसायन पर अनुदान लेने के लिए महत्वपूर्ण है। अब कृषक को अनुदान लेने के लिए अपने समस्त भूमि सम्बन्धी अभिलेख न ले जाकर गोल्डन कार्ड द्वारा कृषकों को अनुदान की सुविधा प्राप्त करायी जायेगी।

कृषकों से अपील है कि फार्मर रजिस्ट्री द्वारा गोल्डन कार्ड जनरेट कराने में राजस्व ग्रामवार आयोजित कैम्पों में कर्मचारियों का सहयोग करने का कष्ट करे।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गाजियाबाद। जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रात-10.00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते है। इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में एडीएम ई श्री रणविजय सिंह उपस्थित रहे। बताते चले कि जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह एक समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जाने व पहचाने जाते हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचते है जिससे उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है तो वहीं अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सही कार्य ना करने पर उन पर सख्त कार्यवाही करते है जिससे उनकी संवेदनशील अधिकारी के रूप में पहचान होती है तो किसी कार्य के निस्तारण के आदेश देने के उपरान्त देरी होने पर या लापरवाही या गुणवत्ता से समाधान ना होने पर सम्बंधित को दण्डित करते हुए अपने कार्यालय पर बैठाकर उनसे शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान करवाया जाता है जिसमें उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। प्रतिदिन की तरह आज भी उनके द्वारा कई शिकायतकर्ता पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।

## ओपो क्रिकेट प्रीमियर लीग पर बीपीएल का कब्जा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा मेंओप्पो द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच बीपीएल व संगोड़ा के बीच हुआ जिसको बीपीएल ने फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया बीपीएल टीम साथ में आशोक बालियान,रितेश, (कैप्टन)ओमवीर शर्मा, मनीष शर्मा, अमरदीप शर्मा,रोहित कसाना, रोहित नागर, मोहित नागर,और भोले चौधरी मंडल उपाध्यक्ष उपस्थित रहे

## दलित प्रेरणा स्थल पर धरना दे रहे 160 से अधिक किसानों को गिरफ्तार किया गया

नोएडा । संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा के 'दलित प्रेरणा स्थल' पर धरना दे रहे 160 से अधिक किसानों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, भारतीय किसान यूनियन (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना, किसान नेता रूपेश वर्मा, सुनील फौजी, सुनील प्रधान, उदल यादव और अमन भाटी समेत कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई अपनी जमीन के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर ये किसान सोमवार को महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्र होकर दिल्ली के लिए रवाना हुए थे लेकिन पुलिस ने उन्हें दलित प्रेरणा स्थल के पास रोक लिया था जिसके बाद वहीं किसान धरने पर बैठ गए थे। पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिव हरि मीणा ने बताया कि पुलिस ने दोपहर करीब डेढ़ बजे 160 से ज्यादा किसानों को गिरफ्तार कर लिया। सुखबीर खलीफा ने कहा कि पुलिस ने उन्हें तथा अन्य किसान नेताओं को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि किसान गिरफ्तारी से डरने वाले नहीं है और वे अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। किसानों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मुजफ्फरनगर में शाम चार बजे पंचायत बुलाई है जिसमें उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत भी शामिल होंगे।

## साइबर जालसाजों ने रसायन आयात-निर्यात करने वाली कंपनी से एक करोड़ रुपये ठगे

साइबर जालसाजों ने रसायन आयात-निर्यात करने वाली डुनोएडा । नोएडा में साइबर जालसाजों ने रसायन खरीद के नाम पर एक कंपनी से कथित तौर पर एक करोड़ रुपये ठग लिये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रसायन का आयात-निर्यात करने वाली कंपनी 'न्यू एज टेकसी रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड' के वरिष्ठ अधिकारी आशीष की शिकायत पर साइबर अपराध पुलिस थाने प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है जिसमें कहा गया कि उनकी कंपनी ने सितंबर में 500 मीट्रिक टन फिनोल रसायन की खरीद के संबंध में पुर्तगाल की एक कंपनी को ऑर्डर दिया था। थाना साइबर अपराध के प्रभारी निरीक्षक विजय गौतम ने बताया कि इस दौरान फोन और ईमेल के जरिये संचार हुआ लेकिन कंपनी प्रतिनिधि से मुलाकात कर कागजी प्रकिया पूरी करने से मना कर दिया गया। उन्होंने बताया कि रसायन नहीं पहुंचने पर पड़ताल की गई तो कंपनी को पता चला कि ई-मेल और फोन नंबर फर्जी थे। गौतम ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कंपनी से एक करोड़ रुपये ठगे

## निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्रेन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नोएडा । गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक क्रेन में आग लग गई लेकिन इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना के चलते मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार की है जब निर्माण के काम में लगी एक क्रेन के केबिन में आग गई। देखते ही देखते ऊंची लपटें उठने लगीं और आसपास धुआं फैल गया जिसके बाद श्रमिकों ने उच्चाधिकारियों और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया और घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। 'नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने कहा, ''क्रेन में लगी आग को समय रहते काबू कर लिया गया। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। काम बिना किसी बाधा के जारी है।'' नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्माण कार्य अंतिम चरण दौर में है। इसी माह वाणिज्यिक उड़ान का परीक्षण प्रस्तावित है जिसके लिए नागर विमानन महानिदेशालय की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। अगर परीक्षण सफल होता है तो अगले साल से यहां वाणिज्यिक सेवा शुरू कर दी जाएगी।

## अस्पताल में घुसकर सहनिदेशक-कर्मियों से मारपीट व लूटपाट का आरोप

नोएडा । सेक्टर-119 स्थित निजी अस्पताल की असिस्टेंट डायरेक्टर ने कोर्ट के आदेश पर फेज-3 थाने में पांच नामजद और छह अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने अप्रैल 2021 में अस्पताल में घुसकर हथियार के बल पर लाखों रुपये लूट लिए। साथ ही, कर्मचारियों के साथ मारपीट की। डॉक्टर निधि त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-119 स्थित त्रिपाठी अस्पताल की असिस्टेंट डायरेक्टर हैं। उनके पति वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी डायरेक्टर हैं। 14 अप्रैल 2021 की सुबह 9.30 बजे प्रदीप कुमार भाटी, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुनयना अग्रवाल अपने साथ छह अन्य हथियारबंद लोगों के साथ अस्पताल में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता और अन्य महिला कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। गौरव अग्रवाल के साथ आए एक अज्ञात व्यक्ति ने पिस्तौल दिखाकर दो महिलाकर्मियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। इसकी वीडियो शिकायतकर्ता के पास है। आरोपियों ने अस्पताल के अपर बेसमेंट में आग लगा दी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर को तोड़ दिया। पिस्तौल के बल पर अस्पताल की कार की चाबी स्टाफ से जबरन छीन ली और गाड़ी लूटकर ले गए। कुछ समय बाद आरोपियों ने गाड़ी वापस कर दी, लेकिन उसमें रखे चार लाख 50 हजार रुपये और अस्पताल से संबंधित मूल दस्तावेज चेकबुक आदि निकाल लिए। पीड़िता का आरोप है कि 14 अप्रैल 2021 को उन्होंने इस संबंध में फेज-3 थाने में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसका नतीजा यह हुआ कि 15 मई 2021 को आरोपियों ने चेक बुक का इस्तेमाल करके 19 लाख 50 हजार रुपये और 36 लाख रुपये आईसीआईसीआई बैंक के खाते से निकाल लिए, जबकि उन्होंने कोई चेक किसी को जारी नहीं किया था। आरोपियों ने फर्जी हस्ताक्षर करके रकम निकाल ली। थाना स्तर से सुनवाई न होने पर पीड़िता को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली - मंगोलपुरी में चली ताबड़तोड़ गोलियां, एक युवक की मौत

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। यहां पर गोलियां चलाना अब आम बात हो गई है। सोमवार को मंगोलपुरी इलाके में ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर एक युवक की हत्या कर दी गई है। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं, पुलिस को जब इस घटना की जानकारी दी गई तो वह मौके पर पहुंची। पुलिस ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरे को कब्जे में ले लिया है। साथ ही घटनास्थल से पुलिस को खाली कारतूस भी मिले हैं। इस मामले में पुलिस द्वारा कुछ संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान पंकज के रूप में हुई है। वह कपड़े के व्यवसाय में था। बताया जा रहा है कि इस वारदात को अंजाम



देने वाले अपराधियों का पहले भी कई आपराधिक घटनाओं में हाथ रहा है। आरोपी मृतक के पड़ोसी बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, आपसी विवाद के चलते कुछ लड़के अपने घर गए और पिस्टल लेकर बाहर आए और फायरिंग कर दी। इसी दौरान पंकज को गोली लग गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगोलपुरी इलाके में हुई इस घटना के बाद से लोगों में डर पैदा हो गया है। मृतक के परिजन के अनुसार, मंगोलपुरी के केके ब्लॉक में तीन लोगों के साथ पंकज का झगड़ा हुआ था। हालांकि, झगड़ा किस वजह से हो रहा था, इसके बारे में जानकारी नहीं थी। लेकिन जब परिजन जब बीच-बचाव करने गए तो बदमाशों ने पिस्तौल निकाली और गोली चलाकर भाग गए। इस घटना के बाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस उस सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है जो घटनास्थल से ली गई है। साथ ही पड़ोस में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। बता दें कि मंगोलपुरी में कुछ माह पहले एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## किसान आंदोलन के कारण नोएडा में वाहनों की रफ्तार थमी

नोएडा । किसान आंदोलन के कारण नोएडा में वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। दलित प्रेरणा स्थल से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक ट्रैफिक स्लो देखा जा रहा है, जिससे लंबी दूरी तक जाम की स्थिति बन रही है। दलित प्रेरणा स्थल के बाहर पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को निकाला जा रहा है, जिससे हर रोज काम पर जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सोमवार को दिल्ली कूच को लेकर किसानों ने आंदोलन किया। हालांकि, इस आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। किसानों ने सभी प्राधिकरण और जिला प्रशासन को एक हफ्ते का समय दिया है। इस दौरान किसानों ने कहा है कि वे दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही रुकेंगे। अगर एक हफ्ते के अंदर मांगें नहीं मानी गई तो 'दिल्ली कूच' आंदोलन फिर से करेंगे। इस प्रदर्शन के दौरान किसानों और प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच दो दिसंबर को काफी लंबी बातचीत हुई थी। इस बातचीत के दौरान ग्रेटर नोएडा, नोएडा, यमुना प्राधिकरण ने एक हफ्ते का समय मांगा। एक हफ्ते के अंदर किसानों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस बातचीत में यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र सिंह, नोएडा अथॉरिटी के एसीईओ



महेंद्र प्रसाद और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ओएसडी मौजूद थे। उनके अलावा पुलिस प्रशासन की तरफ से भी ज्वाइंट सीपी मौजूद थे। इस बातचीत में निकले नतीजे पर किसानों ने प्राधिकरण अधिकारियों की बात मानकर दलित प्रेरणा स्थल में एक हफ्ते तक इंतजार करने का फैसला लिया। किसानों में सभी प्राधिकरण के अधिकारियों को एक हफ्ते का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर एक हफ्ते में बात नहीं मानी गई तो फिर सभी किसान मोर्चा दिल्ली कूच करेंगे। धरने को स्थगित करने की किसानों की सहमति मिलने के बाद पुलिस प्रशासन ने दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर 3 के सामने लगाए गए बैरिकेड को हटा दिया और रास्ते को आम लोगों के लिए खोल दिया।

## दिल्ली में सांस पर संकट बरकरार, एक्यूआई 300 पार



नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के लोगों को मंगलवार को भी प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। लोगों में सांस लेने की समस्या, आंखों में जलन की शिकायत भी देखने को मिली है। हालांकि, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार लगातार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली सरकार के द्वारा एंटी स्मॉग गन चलाई जा रही हैं। जिससे डस्ट प्रदूषण को कम किया जा सके। इसके अलावा प्रदूषण को कम करने के लिए कई चीजों पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार 3 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 274 अंक बना हुआ है। दिल्ली से सटे फरीदाबाद में 255, गुरुग्राम में 222, गाजियाबाद में 181, ग्रेटर नोएडा में 195 और नोएडा में 162 अंक बना हुआ है। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में एक्यूआई 300 से लेकर 400 के बीच दर्ज किया गया है। बवाना में 305, जहांगीरपुरी में 307, मुंडका में 325, नेहरू नगर में 304, आरके पुरम में 303, रोहिणी में 302, शादीपुर में 342, सिरी फोर्ट में 306 बना हुआ है। वहीं, दिल्ली के अन्य इलाकों में एक्यूआई का स्तर 200 से ऊपर 300 के बीच रहा है। अलीपुर में 272, आनंद विहार में 293, अशोक विहार में 285, चांदनी चौक में 249, मथुरा रोड में 235, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 293, डीटीयू में 265, द्वारका सेक्टर 8 में 299, आईजीआई एयरपोर्ट में 257, दिलशाद गार्डन में 262,आईटीओ में 235, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 250, लोधी रोड में 232, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 271, मंदिर मार्ग में 262, नजफगढ़ में 237, नरेला में 260, नॉर्थ कैंपस डीयू में 261, द्वारका में 252, ओखला फेस 2 में 278, पटपड़गंज में 271, पंजाबी बाग में 252, पूषा में 248, सोनिया विहार में 289, श्री अरविंदो मार्ग में 238 दर्ज किया गया है।

## 'आप' नेता राघव चड्ढा ने दिल्ली में आपराधित गतिविधियों को लेकर राज्यसभा में दिया स्थगन नोटिस

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर राज्यसभा में स्थगन नोटिस देकर चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि मौजूदा समय में दिल्ली में आपराधिक गतिविधियां अपने चरम पर पहुंच चुकी है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और दिल्ली के आम लोगों का जीना दूभर हो चुका है। बता दें कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के हाथों में है। ऐसी स्थिति में इस विषय पर चर्चा की मांग करके वो केंद्र सरकार को



घेरने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, केंद्र सरकार लगातार यह दावा करती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है, लेकिन इसके विपरीत आम आदमी पार्टी इन दावों को खोखला बताती है। ऐसे में आप नेता राघव चड्ढा ने स्थगन नोटिस देकर दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर चर्चा की मांग की है। उन्होंने अपने नोटिस में कहा, राज्य सभा (राज्य सभा) में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम 267 (नियमों के निलंबन के प्रस्ताव की सूचना) के तहत, मैं प्रस्ताव पेश करने की सूचना देता हूं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले राघव चड्ढा ने बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूहों द्वारा हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले पर चर्चा की मांग के लिए राज्यसभा में स्थगन नोटिस दिया है। राघव चड्ढा ने प्रस्ताव के नोटिस में कहा था, राज्यसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 267 (नियमों के स्थगन के लिए प्रस्ताव की सूचना) के तहत, मैं प्रस्ताव पेश करने के अपने इरादे की सूचना देता हूं। उन्होंने कहा था, यह सदन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और चिन्मय कृष्ण दास सहित तीन इस्कॉन पुजारियों की गिरफ्तारी पर चर्चा करने के लिए शून्यकाल और प्रश्नकाल तथा दिन के लिए सूचीबद्ध अन्य कार्यों से संबंधित प्रासंगिक नियमों को निलंबित करे। इसके अलावा, मैं मांग करता हूं कि यह सदन सामूहिक रूप से इस्कॉन पुरोहित चिन्मय कृष्ण दास की हिरासत पर चर्चा करें और उसकी निंदा करे।

## अस्पताल की सहायक निदेशक की शिकायत पर पांच से अधिक लोगों पर लूटपाट, मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

नोएडा । नोएडा के फेज-तीन क्षेत्र के एक अस्पताल की सहायक निदेशक की शिकायत पर पांच से अधिक लोगों के खिलाफ लूटपाट, मारपीट और धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के एक प्रवक्त ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि अदालत के आदेश पर सोमवार रात प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें प्रदीप कुमार भाटी, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुनैना अग्रवाल तथा अन्य व्यक्तियों पर आरोप लगाए गए हैं। मामला 14 अप्रैल 2021 का है जब ये सभी आरोपी सेक्टर-119 स्थित त्रिपाठी अस्पताल में घुस आए। प्रवक्ता ने डॉ. निधि त्रिपाठी की शिकायत के हवाले से बताया कि इन लोगों ने पिस्तौल दिखा कर महिला कर्मचारियों के साथ मारपीट की, अपशब्द कहे, तोड़फोड़ की तथा अस्पताल में आगजनी की। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अस्पताल की गाड़ी की चाबी छीन ली और उसमें रखने साढ़े चार लाख रुपये, अस्पताल के दस्तावेज, चेक बुक लूट ली। प्रवक्ता के अनुसार आरोप कि लूटे गए चेक से निकाली गई धन राशि आरोपियों ने अपने खाते में अंतरित कर ली। घटना के इतने समय बाद अदालत के आदेश पर लूटपाट, मारपीट और धोखाधड़ी के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।

हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि घटना और मामला दर्ज करने में इतने अंतराल की वजह क्या है?

## हमारा शिक्षालय संस्था ने जरूरतमंदों को बाँटे गर्म वस्त्र

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। में शिक्षा से वंचित बच्चों को मुफ़्त शिक्षा प्रदान कराने वाली संस्था हमारा शिक्षालय संस्था ने कल सेक्टर 23 नोएडा की झुग्गी-बस्तियों में जाकर सर्दि से बचने के लिए ज़रूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र,जूते,कंबल आदि वितरित किए। इस सामाजिक कार्य का हिस्सा बनने दिल्ली की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। इस अवसर पर गोविंद शर्मा, निशु शर्मा ख़ुशी, सौरव शर्मा, हैप्पी पंडित, आर्यन आदि उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि हमें अपने आस पास रहने वाले जरूरतमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए, इसके लिए उन्होंने एक



परियोजना की शुरुआत करने का भी ज़िक्र किया जिसमें नोएडा में प्रमुख जगहों पर एक-एक कपड़ा बैंक खोला जाएगा जिसमें सभी ज़रूरतमंद लोगों को नि:शुल्क वस्त्र एवं कंबल मिलेंगे। इसमें भागीदारी निभाने वाले हम और आप जैसे लोग होंगे जो कि अपनी अपनी क्षमता अनुसार दान करेंगे।

## शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों की गिरफ्तारी की सीटू ने की कड़ी निंदा- गंगेश्वर दत्त शर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। किसानों की कई लंबित मांगों/ समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों को आज दलित प्रेरणा स्थल से प्रशासन ने संवैधानिक नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसकी सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर कमेटी कड़ी निंदा करती है और किसानों के आंदोलन के समर्थन व एकजुटता में 5 दिसंबर 2024 को दोपहर 3:00 बजे जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 4 दिसंबर 2024 को दलित प्रेरणा स्थल से दिल्ली कूच आंदोलन में सीटू कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि दमन के आधार पर किसानों के हक अधिकारों की लड़ाई को कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। मजदूर किसान एकजुट होकर लड़ेंगे और जीतेंगे।



## गलगोटियाज यूनिवर्सिटी के दिव्यांग अधिकार क्लिनिक ने मनाया विश्व दिव्यांगता दिवस और द्वितीय वर्षगांठ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा। गलगोटियाज यूनिवर्सिटी ने विश्व दिव्यांगता दिवस और अपने दिव्यांग अधिकार क्लिनिक (डीआरसी) की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष की थीम पारिवारिक समावेशन थी, जो दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और उनके परिवारों के समावेशी प्रयासों की अहमियत पर आधारित थी। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्यांग अधिकार क्लिनिक की संस्थापक और प्रमुख डॉ. स्मिता निजार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने इस विशेष अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में दिव्यांग व्यक्तियों की स्वीकृति और समानता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। नुक्कड़ नाटक परवरिश की प्रस्तुति डीआरसी की छात्र टीम ने परवरिश शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक ने समावेशी पालन-पोषण और दिव्यांग व्यक्तियों को समाज से अलग करने वाली बाधाओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। नाटक ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से छुआ और पारिवारिक स्वीकृति के महत्व पर जोर दिया। प्रमुख वक्ताओं का संबोधन और पैनल चर्चा इस कार्यक्रम में दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता निलेश सिंगित और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. जगदीश चंदर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। निलेश सिंगित ने समावेशी परिवार और समान अधिकार- दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी क्षमता और स्वायत्तता विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार परिवार और समाज मिलकर समावेशी वातावरण बना सकते हैं। डॉ. जगदीश चंदर ने परिवार का अधिकार: एक कानूनी अधिकार या व्यक्तिगत विकल्प? विषय पर चर्चा करते हुए दिव्यांग व्यक्तियों की पारिवारिक और सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। डीआरसी की उपलब्धियां और भावी योजनाएँ कार्यक्रम के दौरान डीआरसी की वार्षिक रिपोर्ट और आगामी योजनाओं का विमोचन किया गया। रिपोर्ट में डीआरसी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों जैसे अदृश्य दिव्यांगता अधिकार सप्ताह और लैंगिक न्याय: ट्विन-ट्रैक दिव्यांगता अधिकार परिप्रेक्ष्य को रेखांकित किया गया। समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने डीआरसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने माना कि डीआरसी के साथ जुड़ने से उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। समापन और भविष्य की दिशा कार्यक्रम में कानून के छात्रों, शिक्षकों, ग्रैड्स इंटरनेशनल स्कूल के दिव्यांग छात्रों, और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने दिव्यांग व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर कहा कि गलगोटियाज यूनिवर्सिटी का यह प्रयास समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को सशक्त बनाने और एक समावेशी समाज की नींव रखने में मील का पत्थर साबित हो रहा है

## कुरान पर आप विधायक के बयान के खिलाफ भाजपा नेताओं का प्रदर्शन

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा ने आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पवित्र क़ुरान का अपमान करने वाले आप विधायक नरेश यादव की गिरफ्तारी और निष्कासन की मांग को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता, और भाजपा के अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, हमारे देश में सभी मजहब के लोग रहते हैं और अपने-अपने तरीके से इबादत करते हैं, सम्मान करते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश यादव कुरान शरीफ की बेअदबी करते हैं। उन्हें पंजाब की मलेरकोटला कोर्ट ने सजा सुनाई लेकिन वहां के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस पर चुप हैं। सचदेवा ने कहा कि स्वार्थ सिद्धि के लिए बने इंडी गठबंधन का एक भी नेता आज इस पर नहीं बोल रहा, क्योंकि इनके लिए मुस्लिम समाज केवल वोट बैंक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और असदुद्दीन औवेसी ने इस






पर कुछ नहीं कहा।

अभी किसी भाजपा नेता ने ऐसा कुछ किया होता तो अब तक पूरे देश में हंगामा हो रहा होता। नरेश यादव आप के नेता हैं इसलिए किसी ने कुछ नहीं बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दोहरा चरित्र लेकर रहते हैं, जिसका पर्दाफाश करने के लिए आज भाजपा नेता केजरीवाल के घर के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि जब वोट मांगना हो तब सबके सामने जाते हैं और जब काम करने की बात हो तो वह दिल्ली की जनता के साथ छल करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में तो आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार है, पुलिस है। इसके बावजूद कुरान शरीफ की बेअदबी की गई और केजरीवाल कुछ नहीं बोले।

गुप्ता ने मांग की कि केजरीवाल दिल्ली की जनता को दस साल का हिसाब दें और कुरान की बेअदबी करने वाले विधायक को सजा दें।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी समेत बड़े नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की सशक्त नींव रखने में उन्होंने अमूल्य योगदान दिया। आज जब हम सभी देशवासी संविधान के 75 वर्ष का उत्सव मना रहे हैं, तब उनका जीवन और आदर्श कहीं अधिक प्रेरणादायी हो जाता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने पोस्ट में लिखा है कि भारत के संविधान की रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। देश के संविधान निर्माण से लेकर भारत को एक सुदृढ़ एवं उन्नत राष्ट्र बनाने में उनके अतुल्य योगदान को सदैव याद किया जाएगा। उनके उच्च विचार व आदर्श मूल्य हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट में लिखा, महान स्वाधीनता सेनानी, संविधान सभा के अध्यक्ष, देश के प्रथम राष्ट्रपति, 'भारत रत्न' डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। 'सादा जीवन, उच्च विचार' दर्शन को चरितार्थ करता उनका आदर्श जीवन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पोस्ट में लिखा है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति और महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती पर नमन। स्वाधीनता संग्राम में आपका योगदान अतुलनीय है। आपके विचार हमें सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पोस्ट में लिखा है कि महान स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति 'भारत रत्न' डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती पर उन्हें शत् शत् नमन। उनकी विद्वता, सरलता और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को सुदृढ़ किया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता के रूप में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

# केरल सड़क दुर्घटना में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत



अलपुझा । केरल के अलपुझा जिले में सोमवार रात एक कार और राज्य परिवहन की बस की भिडंत में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के पांच छात्रों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में सवार 15 यात्री और कार में सवार छह छात्र भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कल रात उस समय हुई जब यहां भारी बारिश हो रही थी। गुरुवायुर-कायमकुलम फास्ट पैसेंजर बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 11 लोगों में से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य घायल हो गये। उन्हें वंदनम के टीडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत हो गयी। इस घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मौके से हटवाया। उन्होंने बताया कि मृतकों में मलप्पुरम के कोट्टाकल निवासी देवनाथन (19), पलक्कड़ के शेखरीपुरम निवासी श्रीदेव वाल्सन (19), कोट्टायम के चेन्नाडू निवासी आयुष शाजी (19), लक्षद्वीप के एंड्रोथ निवासी पीपी मोहम्मद इब्राहिम (19) और कन्नूर के पंड्याला निवासी मोहम्मद अब्दुल जब्बार (19) हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# यादव ने गैस त्रासदी पीड़ितों के दिवंगतों को श्रद्धांजलि

भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर त्रासदी का शिकार बने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर उन दिवंगत आत्माओं को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनके जीवन का असमय अंत इस त्रासदी में हुआ। जहरीली गैस के प्रभावित नागरिकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। गैस त्रासदी की आज 40वीं बरसी है। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड परिसर से आज ही के दिन 1984 में मिथाइल आइसोसायनेट नामक जहरीली गैस के रिसाव से सैकड़ों लोग कालकवलित हो गए थे।

# मोहाली हवाई अड्डे पर भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण 04 दिसंबर को होगा -मान

चंडीगढ़ । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मोहाली हवाई अड्डे पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण 04 दिसंबर को किया जाएगा। श्री मान ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शहीद भगत सिंह के नाम पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनावरण कार्यक्रम शहीद-ए-आजम की जयंती 28 सितंबर को होना था, लेकिन प्रतिमा स्थल मोहाली के एक गांव में पंचायत चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने से कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। इस बीच, एयरपोर्ट चौक पर कुछ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया और हिरासत में ले लिया गया। भाजपा द्वारा दिया गया %72 घंटे का अल्टीमेटम% सोमवार सुबह खत्म होने के बाद कार्यकर्ता प्रतिमा का अनावरण करने वहां पहुंचे थे। भाजपा नेता फतेह जंग बाजवा ने रविवार को घोषणा की थी कि अगर सोमवार सुबह तक प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया तो पार्टी कार्यकर्ता और नेता खुद ही इसका अनावरण करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सस्ती राजनीति कर रही है।

# सुपौल – 06 किलोग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

सुपौल । बिहार में सुपौल जिले से सशक्त सीमा बल (एसएसबी) ने 06 किलोग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह मंगलवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर भीमनगर निवासी गौतम कुमार के घर बिहार पुलिस के साथ मिलकर एसएसबी ने छापेमारी की। श्री सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से छह किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गौतम कुमार को जप्त गांजा के साथ भीमनगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने की छापेमारी

मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा भ्रष्टाचार मामले में ईडी नेड्डुकोलकाता । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा भ्रष्टाचार मामले में तलाशी अभियान चलाया। ईडी हल्दिया, दुर्गापुर और कोलकाता समेत राज्य के कई निजी मेडिकल कॉलेजों पर छापेमारी कर रही है। कथित तौर पर, इस मामले में पैसे के बदले फर्जी प्रमाण जमा किए गए और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिए गए। इस साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले पर चिंता जताई थी। पूरे देश में 28 जगहों पर एमबीबीएस एडमिशन में कोटा भ्रष्टाचार की खबरें आई हैं। प्रत्येक छापामारी दल को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। सूत्रों ने बताया कि मेडिकल दाखिलों में करोड़ों रुपये की अनियमितताएं मुख्य रूप से राज्य में संचालित कुछ निजी मेडिकल कॉलेजों में हुई हैं। सूत्रों ने बताया कि हल्दिया में छापेमारी और तलाशी अभियान तामलुक से पूर्व माकपा लोकसभा सदस्य लक्ष्मण सेठ के आवास पर चलाया जा रहा है। सेठ हल्दिया में निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों का संचालन करने वाला एक गैर सरकारी संगठन चलाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में संचालित आठ निजी मेडिकल कॉलेज ईडी की जांच के दायरे में थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने बिधाननगर सिटी पुलिस के तहत इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर जांच शुरू की थी। एनआरआई कोटे के तहत मेडिकल प्रवेश में अनियमितताओं को सबसे पहले सितंबर में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने उजागर किया था। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि ऐसे कई प्रवेशों में भारी नकदी लेनदेन के बदले फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करना शामिल था। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर भी अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। की छापेमारी

# श्रीनगर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी

श्रीनगर । श्रीनगर के दाचीगाम वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने विशेष खुफिया सूचना मिलने के बाद दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। दाचीगाम, शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है। यह लगभग 141 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों से आमना-सामना तब हुआ जब उन्होंने सुरक्षा बलों के तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी जारी है।

# ईडी का शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी केस में दूसरा समन, चार दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

मुंबई । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पोर्नोग्राफी केस में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर चार दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सोमवार को भी कुंद्रा को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया था। मगर वह नहीं पहुंचे।

कुंद्रा ने अपने वकील के माध्यम से ईडी से कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। ईडी ने सोमवार रात कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर पूछताछ के चार दिसंबर को उपस्थित रहने को कहा है। इस केस में ईडी का राज कुंद्रा के मुंबई के सांताक्रूज स्थित आवास पर छापा पड़ चुका है।

ईडी ने कुंद्रा से जुड़े लोगों के करीब 15 ठिकानों पर भी छापा मारा था। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर अश्लील सामग्री तैयार कर उसे मोबाइल ऐप्स के माध्यम से वितरित करने का आरोप है। इस मामले में उन पर वित्तीय हेराफेरी का भी आरोप है। उल्लेखनीय है कि 2021 में चार फरवरी को मुंबई पुलिस ने मालाड के मालवणी स्थित एक बंगले पर छापा मारा था।

आरोप था कि इस बंगले में अश्लील फिल्मों की शूटिंग की जा रही थी और लड़कियों पर इसके लिए दबाव डाला गया। इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके बाद पुलिस ने तीन अप्रैल, 2021 को चार्जशीट दाखिल की और फिर जुलाई में राज कुंद्रा और उनके साथी थोर्प को गिरफ्तार किया। बाद में राज कुंद्रा को जमानत मिल गई।

इसके बाद पूरक आरोप पत्र में कुंद्रा के बहनोई प्रदीप बख्शी और यश ठाकुर को वांछित घोषित किया गया।

# रातापानी अभयारण्य टाइगर रिजर्व घोषित, भोपाल की पहचान अब टाइगर राजधानी'' के रूप में

भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर राजधानी भोपाल से सटे रातापानी अभयारण्य को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) द्वारा टाइगर रिजर्व घोषित करने के सैद्धांतिक अनुमोदन के साथ ही भोपाल की पहचान अब टाइगर राजधानी'' के रूप में होगी। राज्य शासन द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रस्तावित रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का रकबा 763.812 वर्ग किलोमीटर तथा बफर एरिया का रकबा 507.653 वर्ग किलोमीटर है। इस प्रकार टाइगर रिजर्व का कुल रकबा 1271.465 वर्ग किलोमीटर होगा। रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र की सीमा के अंदर स्थित राजस्व ग्राम झिरी बहेड़ा, जावरा मलखार, देलावाड़ी, सुरई ढाबा, पांझिर, कैरी चौका, दांतखो, साजौली एवं जैतपुर का रकबा 26.947 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि इन्क्लेव के रूप में बफर क्षेत्र में शामिल है। टाइगर रिजर्व में भौगोलिक रूप से स्थित, उक्त 9 ग्राम अभयारण्य की अधिसूचना में कोर क्षेत्र में शामिल नहीं हैं। रातापानी टाइगर रिजर्व बनने से टाइगर रिजर्व का सम्पूर्ण कोर क्षेत्र रातापानी टाइगर अभयारण्य की सीमा के भीतर है। इससे ग्रामीणों के वर्तमान अधिकार में कोई परिवर्तन नहीं होगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को पर्यटन से नये रोजगार सृजित होंगे, जिससे आर्थिक लाभ होगा। टाइगर रिजर्व गठित होने से भारत सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से बजट प्राप्त होने से वन्य-प्राणियों का और बेहतर ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को ईको टूरिज्म के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। टाइगर रिजर्व बनने से रातापानी को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी तथा भोपाल की पहचान टाइगर राजधानी'' के रूप में होगी।

# पुलिस ने 10 हजार के इनामी कमांडर सहित तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना मिरतुर एवं नेलसनार की अलग-अलग कार्रवाई में 10 हजार के ईनामी नक्सली जनताना सरकार सदस्य एवं सीएनएम कमांडर सहित तीन नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक दिसंबर को थाना मिरतुर एवं 15/ई कंपनी छसबल चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोण्डा, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी और वापस लौटते समय पाटलीगुड़ा पुलिया के पास उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। उन्हें पकड़ लिया गया और जांच में, उनके पास से पांच किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही विस्फोटक के साथ दो माओवादी जन मिलिशया सदस्य सुरेश कारम, राजेश माड़वी को गिरफ्तार किया और एक अन्य माओवादी थाना नेलसनार की टीम ने बोदली मरी नदी के किनारे से एक नक्सली जनताना सरकार सदस्य, सीएनएम कमाण्डर दशरथ हेमला फुलादी कुंजामपारा थाना मिरतुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली 17 अप्रैल 2019 को नगर सैनिक राजूराम गोंदे की हत्या में शामिल था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने 10 हजार रुपए के ईनाम घोषणा की थी। उनके खिलाफ थाना मिरतुर एवं नेलसनार में वैधानिक कार्रवाई उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर कल न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# चाचा को बचाने पहुंची युवती पर फरसे से हमला, हालत गंभीर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर में चाचा को बचाने के लिए पहुंची युवती पर दूसरे पक्ष ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके सिर पर फरसे से हमला किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात के गांव हीरापुर निवासी राम अवतार ने तहरीर देकर बताया कि एक दिसंबर की शाम को वह खेत से घर लौट रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी राजकिशोर निवासी नयागांव धमैड़ा अड्डा ने अपने घर के सामने उसे रोक लिया। आरोप है कि आरोपी राजकिशोर, उसकी पत्नी मंजू, मनीष, रमकेश, बंटी, गोलू, गिरीश और अन्य अज्ञात आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसकी भतीजी नीरज सिंह ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोपियों ने भतीजी के सिर पर फरसे से वार कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर लोगों को एकत्र होते देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित और उनकी भतीजी का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने भतीजी नीरज को हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। देहात पुलिस ने सात नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सजा मिलने के बाद गले में तख्ती, हाथ में बरछा लिए नजर आए सुखबीर सिंह बादल



चंडीगढ़ । शिरोमणि अकाली के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल सजा सुनाए जाने के बाद गले में पट्टिका लटकाए व्हीलचेयर पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पहुंचे। सजा के तहत उन्हें स्वर्ण मंदिर में सेवादार के रूप में काम करना होगा। उन्हें दरवाजे पर ड्यूटी करने के अलावा लंगर की सेवा भी करनी होगी। दरअसल, अकाल तख्त ने सत्ता में रहते हुए उनके द्वारा की गई गलतियों का हवाला देकर उन्हें सजा सुनाई है। वहीं, सुखबीर सिंह बादल के पैर में अभी चोट लगी हुई है। इसी वजह से वह व्हीलचेयर पर बैठे हुए नजर आए। वह तीन दिसंबर से दो दिन के लिए गोल्डन टेंपल के घंटाघर के बाहर ड्यूटी करेंगे। इस दौरान, सुखबीर सिंह बादल के गले में तख्ती भी दिखाई दी। यह अकाल तख्त की तरफ से पहनाई गई माफी की तख्ती है। इसके साथ ही उनके हाथ में बरछा भी दिखाई दे रहा है। उनकी सजा शुरू हो चुकी है और फिलहाल, वो सजा निभा रहे हैं। इस दौरान, सुखदेव सिंह ढींडसा भी सजा काटने के लिए पहुंचे। उनके गले में भी तख्ती और हाथ में बरछा दिखाई दिया। उनसे जब सजा काटने के संबंध में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए परमात्मा का हुक्म है और मैं इसका पालन करूंगा। मैं इसका पालन करने में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतूंगा। अपनी सजा के तहत वह श्री दरबार साहिब में सेवादार की ड्यूटी करेंगे। इसके बाद वह दो दिन श्री केशगढ़ साहिब, फिर दो दिन श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो, दो दिन श्री मुक्तसर साहिब और दो दिन श्री फतेहगढ़ साहिब में गले में तख्ती पहन और हाथ में बरछा लेकर सजा काटेंगे। हालांकि, यह कोई पहली बार नहीं है कि जब किसी सिख नेता को इस तरह से सजा सुनाई गई है, बल्कि इससे पहले भी कई सिख नेताओं को सजा सुनाई जा चुकी है। सुखबीर सिंह बादल और सुखदेव सिंह ढींडसा को भी गुरुद्वारे का शौचालय और बर्तन साफ करने की सजा सुनाई गई थी। लेकिन, सुखबीर बादल के पैर में चोट लगे होने और सुखदेव सिंह ढींडसा का स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्हें सजा में छूट दी गई थी। लिहाजा, उन्हें व्हीलचेयर पर बैठकर सेवादार की सजा सुनाई गई है। सुखबीर सिंह बादल को यह सजा इसलिए सुनाई गई, क्योंकि उन्होंने साल 2007 में सलाबतपुरा में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस ले लिया था। इसके अलावा, उन पर दूसरा आरोप है कि उन्होंने वोट बैंक के लिए अपने पंथ के साथ गद्दारी की थी।

# टॉप-10 अपराधी को 06 वर्ष का कारावास व 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी भडकाऊ थाना नरसेना जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में एक व्यक्ति से धोखाधडी कर 06 माह में धन दोगुना करने के नाम पर 06 लाख 25 हजार रुपये हडप लेने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 02.12.2022 को थाना नरसेना पर मुअसं- 315/2022 धारा- 420,406 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 19.01.2023 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसके परिणामस्वरुप *आज दिनांक 03.12.2024 को न्यायाधीश श्री विकास चौधरी (मा0 न्यायालय ष्टछ्ररू03 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त अशोक कुमार को 06 वर्ष का कारावास व 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री शिवम कुमार मिश्र का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# संभल की घटना को लेकर भीम आर्मी आसपा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। संभल में हुई घटना के बाद लगातार मामले पर राजनीतिक गरमा रही है विपक्ष के बाद भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के बाद पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में संभल घटना की जांच करने की मांग की पदाधिकारियों का कहना था कि संभल में हुई घटना लापरवाही का नतीजा है। और इसमें लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है इसलिए कोर्ट इस मामले कि जांच अपनी निगरानी में ही पूरी कराएं आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के वरिष्ठ पदाधिकारियों भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सतवीर सिंह उर्फ डब्बू प्रधान आसपा के जिलाध्यक्ष विजयपाल सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे यहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात की प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट ने पदाधिकारियों से मुलाकात की और उनका ज्ञापन लिया भीम आर्मी पदाधिकारियों ने मांग की उनके ज्ञापन को राष्ट्रपति तक पहुंचाया जाए और संभल में हुई हिंसा की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिले और दोषियों को सजा मिल सके। भीम आर्मी मेरठ मंडल सचिव प्रियंका गौतम ने बताया कि संभल में प्रशासन की गलतियों के कारण यह हिंसा भड़की थी पथराव हुए फिर गोलियां चलाई गई जिसके कारण वहां 5 लोगों की जान गई है इसलिए इस मामले को वरिष्ठ और उच्च अधिकारियों की निगरानी में ही देखा जाना चाहिए कोर्ट अपनी निगरानी में जब मामले की जांच कराएगी तो निश्चित तौर पर पीड़ित परिवार और निर्दोष लोगों को न्याय मिल सकेगा प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में भीम आर्मी के झंडे लेकर मौजूद रहे नारेबाजी करते रहे प्रदर्शन में शामिल रहे मेरठ मंडल सचिव प्रियंका गौतम जिला अध्यक्ष डब्बू प्रधान जिला अध्यक्ष विजयपाल सिंह मेरठ मंडल कार्यकारिणी सदस्य पिंटू प्रधान जिला प्रभारी शारदा प्रताप जिला मीडिया प्रभारी भारत विकास प्रीति गौतम उर्मिला गौतम संजू गौतम पार्टी संगठन के बहुत से पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि अन्य लोग मौजूद है।

# योगगुरु रामदेव ने लिया गधी के दूध का स्वाद, बोले सुपर टॉनिक और सुपर कॉस्मेटिक का काम करता है वैशाख नंदिनी का दूध



हरिद्वार । योगगुरु बाबा रामदेव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बाबा रामदेव ने हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में खुद गधी का दूध निकाला और पीकर इसके स्वाद और गुणों की खूब तारीफ की। बाबा रामदेव ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर गधी के दूध निकालने का वीडियो शेयर किया। इस विडियो में बाबा रामदेव ने बताया कि जिंदगी में पहली बार उन्होंने गधी का दूध निकाला है। जबकि इससे पहले ऊंटनी, गाय, भेड़, बकरियों का दूध निकाल चुके हैं। बाबा रामदेव ने संस्कृत में गधी का नाम लेते हुए कहा कि वैशाख नंदनी का दूध सुपर टॉनिक और सुपर कॉस्मेटिक का काम करता है। बाबा रामदेव ने एक कटोरी में गधी का दूथ निकाला और फिर खूब स्वाद लेकर इसको पिया। वीडियो में दिख रहा है कि गधी का दूथ पीते हुए बाबा रामदेव ने कहा कि वह पहली बार गधी का दूध पीकर स्वाद लेंगे। दूध पीकर बाबा रामदेव ने कहा कि सच में वेरी टेस्टी। सच्ची- मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। मैंने गाय, भैंस, ऊंटनी, भेड़-बकरियों का दूध पीकर देखा है। सच में बहुत गजब का है भाई। यह पाचन के लिए बहुत अच्छा होता है। इसके बाद बाबा रामदेव ने कई चम्मच दूध पीया। योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि मिस्र की महारानी क्लियोपेट्रा इसकी दूध से नहाया करती थी, यही उनकी सुंदरता का राज था। वैशाख नंदनी के दूध की इतनी महिमा है, इतना गुणकारी है, औषधीय गुणों से भरपूर है, इसका दूध और दही बहुत उपयोगी है। ऐसे हर जीव का सम्मान करना चाहिए। आज के बाद कोई किसी को गधा या गधी कहकर अनादर ना करें। हर जीव जो इस पृथ्वी पर है उसकी बहुत महिमा है, इसलिए कभी किसी का अनादर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गधी का दूध सौंदर्य के लिए बहुत उपयोगी है।